### एयर शो के सफल संचालन के लिए डीसी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

# स्कूली बच्चे भी भव्य एयर शो के गवाह बनेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने गुरुवार को 19 व 20 अप्रैल को रांची के नामकुम स्थित खोजा टोली आर्मी मैदान में होने जा रहें भारतीय वायु सेना की एयर शो को लेकर जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। वहीं सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को सभी तैयारी को ससमय पूरा कराने का निर्देश दिया है।

**सारी चीजें व्यस्थित तरीके से कराने का निर्देश :** उपायुक्त ने इस एयर शो में सारी आवश्यक तैयारी को लेकर वरीय पदाधिकारियों के साथ क्रमवार समीक्षा करते हुए गणमान्य व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, शौचालय, होडिंग, साईनेज, सीटिंग अरेंजमेंट एवं अन्य सारी चीजें व्यस्थित तरीके से कराने का निर्देश दिया गया।




### कार्यक्रम के दौरान दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों तैनात रहेंगे

कार्यक्रम के दौरान विधि व्यवस्था संधारण के लिए दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।
भारतीय वायुसेना का पहला एयर शो 19 और 20 अप्रैल 2025 को रांची के खोजा टोली आर्मी मैदान, नामकुम में होने जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चें भी इस भव्य एयर शो के लिए 19 अप्रैल 2025 को विशेष रूप से स्कूली बच्चों को आमंत्रित किया गया है। शो सुबह 9:45 से 10:45 बजे तक दोनों दिन एक-एक घंटे के लिए आयोजित होगा, कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व सुबह- 08:30 तक सभी को अपना-अपना निर्धारित स्थान ग्रहण कर लेना है सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम अपने शानदार हवाई करतबों से आसमान में जादू बिखेरेगी। यह शो सुबह 9:45 से 10:45 बजे तक दोनों दिन एक-एक घंटे के लिए आयोजित होगा। इस आयोजन को देखने के लिए कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व सुबह- 08:30 तक अपना- अपना निर्धारित स्थान ग्रहण कर लेना है। इस बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची सुमित कुमार अग्रवाल, जिला नजारत उप समाहर्ता डॉ. सुदेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक हेड क्वार्टर-1, अमर कुमार पांडेय, जिला जन संपर्क पदाधिकारीउर्वशी पांडेय, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह एवं एयर फोर्स के अधिकारी उपस्थित थे।

## स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों को दिखाएं एयर शो : संजय सेठ



1. रांची में पहली बार हवा में दिखेगा वायुसेना का शौर्य
2. वायुसेना प्रमुख एपी सिंह आ रहे रांची

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची के सभी स्कूल प्रबंधक एवं कॉलेज के प्राचार्य से अपील करते हुए कहा कि रांची में पहली बार आयोजित एयर शो को अवश्य देखें। यह भारतीय एयर फोर्स के द्वारा आयोजित की जा रही है। इस एयर शो में सभी स्कूल एवं कॉलेज के प्रबंधक अपने बच्चों को अवश्य दिखाएं।

रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने कहा भारतीय सेना के प्रति बच्चे जागरूक हो। अपने जीवन का गोल सेट कर सके। अपने सेना के शौर्य और पराक्रम को जान सके। इसी उद्देश्य के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन रांची में किया जा रहा है। यह शो पूरी तरह निशुल्क है। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भाग लेने एयर फोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ एपी सिंह रांची आ रहे हैंक उनके जोरदार स्वागत की भी तैयारी है। विदित हो कि 19 व 20 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे रांची में विश्वस्तरीय एयर शो का आयोजन सूर्य किरण टीम द्वारा किया जा रहा है। भारतीय वायुसेना की यह टीम विमानों के द्वारा कई रोमांचकारी करतब दिखाएगी।

## वायु सेना एयर शो : रांची उपायुक्त ने राज्यपाल को दिया आमंत्रण



**रांची।** रांची में पहली बार भारतीय वायुसेना का भव्य एयर शो होने वाला है। 19 और 20 अप्रैल को होने वाले इस शो के लिए झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को भी औपचारिक आमंत्रण दिया गया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने खुद राजभवन जाकर राज्यपाल को एयर शो में शामिल होने के लिए आमंत्रण सौंपा है। बता दें कि वायु सेना का एयर शो नामकुम स्थित खोजा टोली के आर्मी ग्राउंड में आयोजित किया जायेगा। एयर शो दोनों दिन सुबह 9:45 बजे से 10:45 बजे तक चलेगा। शो का मुख्य आकर्षण भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम होगी, जो आसमान में अपने रोमांचक और अद्भुत हैरत अंगेज हवाई करतब से सभी को मंत्रमुग्ध करेगी।

## आर्मी ग्राउंड के आस-पास के क्षेत्र में मांस-मछली की दुकानों पर दो दिन रहेगा प्रतिबंध

**रांची।** 18 से 20 अप्रैल तक नामकुम थाना अंतर्गत आर्मी ग्राउंड के आस-पास के क्षेत्र में सभी प्रकार की मांस और मछली की दुकानों पर प्रतिबंध रहेगा। इस संबंध में अनुंमडल पदाधिकारी, सदर द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत नामकुम थानान्तर्गत आर्मी ग्राउंड के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है जो गुरुवार सुबह 06:00 बजे से 20अप्रैल के रात्रि 11:00 बजे तक के लिए लागू रहेगा। 19 एवं 20 अप्रैल को पूर्वाह्न 09:45 बजे से 10:45 बजे तक नामकुम थानान्तर्गत आर्मी ग्राउण्ड में भारतीय वायु सेना के एयर शो का आयोजन किया गया है, जिसमें सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम द्वारा हवाई करतब दिखाये जायेंगे। शो के दौरान मांस-मछली की दुकानों के रहने से पक्षियों के जमावड़े के कारण दुर्घटना की आशंका को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से आर्मी ग्राउण्ड की 200 मीटर परिधि में मांस-मछली की दुकानों को प्रतिबंधित किया गया है, ताकि पक्षियों का जमावड़ा न हो और किसी प्रकार की दुर्घटना न हो।

### रातू तालब से मिला एक व्यक्ति का शव

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के बड़ा तालाब के पास झाड़ियों से गुरुवार को एक युवक का शव मिला। युवक की पहचान काठी टांड बस्ती निवासी भीम साहू से हुई है। स्थानीय लोगों ने घटना के संबंध में बताया कि लोगों ने जब झाड़ी में युवक का शव देख तो इसकी सूचना पुलिस को दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की जांच में जुटी हुई है। परिजनों ने बताया की युवक अक्सर नशे में धूत रहता था।

### आज / कल




## लेखिका और विचारक रोज केरकेट्टा का निधन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रख्यात लेखिका और आदिवासी अधिकार कार्यकर्ता रोज केरकेट्टा का गुरुवार को झारखंड की राजधानी रांची में निधन हो गया। उनके परिवार के एक सदस्य ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उनका स्वास्थ्य लम्बे समय से खराब चल रहा था। कोविड-19 महामारी के दौरान इस वायरस से संक्रमित होने के बाद 85 वर्षीय केरकेट्टा कई बीमारियों से घिर गई थीं। उनके निधन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी दुख व्यक्त किया है। सोरेन ने उनके जाने को साहित्य जगत और आदिवासी समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। केरकेट्टा का जन्म झारखंड के सिमडेगा जिले में हुआ था, रांची आने से पहले वह वहां हिंदी की शिक्षिका के रूप में कार्य कर रही थीं। उनके परिवार में बेटा सोनल प्रभंजन और बेटी वंदना टेटे हैं। बेटी टेटे ने इस बारे में जानकारी देते हुए पीटीआई-भाषा से कहा, 'सुबह करीब 10.30 बजे मेरी मां का निधन हो गया। वह 2023 से बिस्तर पर थीं और पिछले 10 दिनों से उन्होंने खाना भी लगभग बंद कर दिया था।' केरकेट्टा की कहानियों का संग्रह 'पघा जोरी-जोरी रे घाटो' उनकी लोकप्रिय साहित्यिक रचनाओं में से एक था। उन्हें हिंदी और खड़िया भाषाओं को समृद्ध करने का श्रेय दिया जाता है। केरकेट्टा ने प्रेमचंद की कहानियों का खड़िया में अनुवाद भी किया था।

### सीएम ने बताया अपूरणीय क्षति



केरकेट्टा के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा, ह्यअपनी कलम से जल-जंगल-जमीन, महिला और झारखण्डी अधिकारों को वृहद मुकाम देने वाली प्रसिद्ध लेखिका, कवयित्री और समाज सेविका आदरणीय डॉ रोज केरकेट्टा जी के निधन का पीड़ादायक समाचार मिला। आगे उन्होंने लिखा, 'रोज दी ने हिंदी के साथ-साथ खड़िया भाषा में भी कई पुस्तकें लिखी थी। उनका निधन साहित्य जगत और आदिवासी समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। रोज दी आज हमारे बीच नहीं हैं मगर उनके विचार, उनकी लेखनी और उनकी जीवनशैली हमें हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। अंतिम जोहार रोज केरकेट्टा जी।'

## रांची नगर निगम ने शगुन बैंक्वेट हॉल को किया सील

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित सभी विवाह भवन/ बैंक्वेट हॉल के द्वारा निगम से अनुज्ञप्ति प्राप्त करना अनिवार्य है। अपर प्रशासक के कोर्ट में पारित निर्देश के आलोक में गुरुवार को बाजार शाखा की गठित टीम के द्वारा वार्ड संख्या 53, हटिया में बिना अनुज्ञप्ति के संचालित हो रहे शगुन बैंक्वेट हॉल को सील किया गया। बता दे कि पूर्व में शगुन बैंक्वेट हॉल के संचालक को 19 मार्च एवं 09 अप्रैल को नोटिस निर्गत किया गया था, एवं अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया गया था। नोटिस में दिए नियत समय बीत जाने के बाद भी शगुन बैंक्वेट हॉल द्वारा अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं किया गया है तथा शगुन बैंक्वेट हॉल द्वारा अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के निण् जो आवेदन निगम कार्यालय में प्राप्त किया गया, उसमें निर्धारित आवश्यक शर्तें संबंधित दस्तावेज संलग्न नहीं किया गया। बिना अनुज्ञप्ति प्राप्त किए शगुन बैंक्वेट हॉल का संचालन झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 एवं झारखंड शहरी क्षेत्र धर्मशाला/विवाह भवन/बैंक्वेट हॉल/ लॉज एवं हॉस्टल निर्माण एवं अनुज्ञप्ति नियमावली 2013 का स्पष्ट उल्लंघन है।

## अवैध पानी कनेक्शन और जार वाटर प्लांट पर लगेगी लगाम, चला विशेष अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शहर की जनता को साफ और सुरक्षित पानी मिले, इस मकसद से रांची नगर निगम ने आज एक जरूरी और सख्त कदम उठाया। शहर में अवैध तरीके से चल रहे पानी के कनेक्शन और जार वाटर बॉटलिंग प्लांट्स पर शिकंजा कसते हुए निगम की टीमों ने विशेष अभियान चलाया। कार्रवाई के तहत दो टीमों ने अलग-अलग इलाकों में जाकर 7 अवैध जार प्लांट्स और 7 अवैध पानी कनेक्शनों की जांच की। इनके संचालकों पर नोटिस जारी कर दस्तावेज मांगे गये हैं। अगर कागजात सही नहीं मिले, तो इन प्लांट्स को सील कर दिया जायेगा।



**कहां –कहां हुई कार्रवाई :** टीम 1 ने बरियातू, जोड़ा तालाब और इंद्रपुरी कॉलोनी में छापेमारी की, टीम 2 ने वार्ड 26, बिरसा चौक इलाके में अवैध कनेक्शन हटाने के निर्देश दिये। नगर निगम ने बताया कि 16 अप्रैल तक ऐसे कुल 18 मामलों की पहचान की जा चुकी है।

**क्यों जरूरी है यह कदम :** आज जब पानी की हर बूंद कीमती है, तब कुछ लोग अवैध तरीके से पानी को लेकर न सिर्फ नियम तोड़ रहे हैं बल्कि दूसरों के हक पर भी डाका डाल रहे हैं। कई प्लांट्स बिना किसी लाइसेंस के चलाये जा रहे थे, जिससे नगर निगम को नुकसान हो रहा था और आम जनता को भी सही पानी नहीं मिल पा रहा था।

**नगर निगम की अपील :** रांची नगर निगम ने साफ कहा कि अगर किसी ने बिना अनुमति के बोरिंग, मोटर या पाइपलाइन लगाई है, या कोई जार प्लांट चला रहा है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई होगी। नगर निगम जनता से सहयोग की अपील करता है। पानी बचाइए, नियमों का पालन कीजिए और मिलकर शहर को बेहतर बनाइए।




# लू से बचाव के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने जिलों को दिया दिशा निर्देश

### लू से बचने के लिए त्वरित गति से कार्य योजना तैयार करें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक अबु इमरान ने गर्मी के मौसम और लू को देखते हुए सभी जिला के उपायुक्त को इसके बचाव, उपचार एवं आपदा प्रबंधन हेतु पत्र के माध्यम से दिशा निर्देश निर्गत किया गया है।
उन्होंने कहा है कि भारत सरकार मौसम विज्ञान विभाग, पृथ्वी कल्याण मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त चेतावनी के अनुसार झारखंड में अधिक गर्मी व लू चलने की संभावना जताई गई है। राज्य में आम लोगों को लू से बचने के लिए त्वरित गति से प्रभावित कार्य योजना तैयार करने एवं संवेदनशील आबादी की पहचान करके विशेष सुरक्षा उपाय करने की बात कही गई है। भीषण गर्मी से आम जन जीवन को प्रभावित होने से बचाने के लिए जिलों के समस्त विभाग विभागीय स्तर पर अपने संस्थानों एवं गैर सरकारी समन्वय कर लू से बचाव पर कार्य योजना बनायेंगे। अभियान निदेशक ने लू से बचाव हेतु व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने का भी निर्देश सभी जिलों को दिया है। अभियान निदेशक ने जलवायु परिवर्तन से संबंधित एवं लू से बचने के लिए पूर्व से तैयारी, त्वरित प्रक्रिया एवं पूर्नवास का भी दिशा निर्देश दिया गया है।

### स्वास्थ्य विभाग की है तैयारी पूरी



हीट स्ट्रोक प्रबंधन के लिए जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी/युपीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी/ युसीएचसी) एवं जिला अस्पताल में आवश्यक दवाओं, फ्लूड्स, ओआरएस पैकेट्स एवं कूलिंग ट्रीटमेंट सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।
हीटवेव केस मैनेजमेंट प्रोटोकॉल का पालन करने हेतु सभी चिकित्सकों, नर्सो एवं स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाए। सभी 108 एम्बुलेंस को निर्देशित करें कि वे हीटवेव आपात स्थिति में कोल्ड पैक, आईसीई क्यूब टॉवल एवं हाइड्रोजन सपोर्ट से सुसज्जित रहें। 104 डेडिकेटेड चिकित्सीय सलाह हेल्पलाईन नम्बर पर कॉल कर ग्रीष्म लहर/लू (हीटवेव) से बचाव के उपाय के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
सी.एच.ओ. को निर्देशित किया जाए कि हीटवेव से प्रभावित व्यक्तियों की प्रारंभिक पहचान एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था संस्था स्तर पर सुनिश्चित करें।
गर्भवती महिलाओं, हृदय रोगियों, मधुमेह रोगियों, उच्च रक्तचाप से ग्रस्त मरीजों एवं कुपोषित बच्चों की विशेष निगरानी की जाए, क्योंकि वे हीट स्ट्रोक के प्रति अधिक संवेदनशील होते है।

सभी शहरी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों में हीट हेल्थ डेस्क स्थापित की जाए, जहाँ से आम आदमी से लू बचाव और उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकें।

## परीक्षा की तैयारी व करियर काउंसलिंग को लेकर सेमिनार



**मांडर।** ऑक्सब्रिज स्कूल में गुरुवार को दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें बोर्ड परीक्षा की तैयारी तथा कैरियर काउंसिलिंग की गई। वक्ता उज्जवल कुमार तथा मोहम्मद इरशाद हैदर द्वारा बच्चों को परीक्षा की तैयारी में सफल होने के तरीकों को बताया गया। उसके बाद विषय वस्तु के चयन का मार्गदर्शन भी किया गया। बदलते आधुनिक परिवेश में सामंजस्य बैठाते हुए बाल मनोविज्ञान की भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस सेमिनार में कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

### पतराटोली के ग्रामीणों को आज भी है सरकार का इंतजार, विकास से कोसों दूर है यह गांव

# सालों भर टापू की जिंदगी जीते महुगांव पतरा टोली के ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
गांव के लोगों की विकट परिस्थिति और लोगों का संघर्ष को देखना हो तो महुगांव का पतराटोली आइए। महुगांव का पतरा टोली सालों भर किसी टापु से कम नहीं। गांव का संपर्क पंचायत मुख्यालय से टूटने के बाद पतराटोली गांव विकास के मुख्य धारा से ही टूट गया। यहां के लोगों को आज भी है सरकार का इंतजार। यहां के ग्रामीणों ने बताया कि दसवां गढ़हा नाला में लगभग 25 साल पहले यहां पुलिया थी और कच्ची सड़क भी था आना जाना भी सुगम था। लेकिन एक बार के भीषण बारिश के कारण पुलिया बह गयी और गांव का संपर्क महुंगाव से टूट गया। तब से आज तक पतराटोली गांव आना जाना दुभर हो गया। पतराटोली गांव के समाजसेवी अजीत बरला ने बताया कि कभी तपकरा के महेश्वर सिंह ने पूर्व मंत्री देवकुमार धान के पहल पर यहां पुलिया बनवाई थी। जिसका






शिलान्यास भी तत्कालीन विधायक देव कुमार धान ने किया था। लेकिन एक बार बारिश की पानी में आधी पुलिया पानी के साथ ही बह गयी। लगभग 20 सालों से न सिर्फ गांव का सड़क संपर्क टूट गया बल्कि गांव का विकास 20 साल पीछे हो गया। थॉमस बरला ने बताया कि बारिश के मौसम में पूरा पतरा टोली नाले में पानी और बाढ़ के कारण न सिर्फ टापू बन जाती है बल्कि गांव के लोगों का जीवन भी दुष्कर हो जाता है। गांव की मोनिका तिर्की ने बताया कि पतराटोली सहित बूढ़नी, बरटोली, टांगरकेला के स्कूली बच्चे इसी रास्ते से महुगांव पंचायत के स्कूलों में पढ़ने आते हैं। लेकिन पुल के बह जाने के बाद ग्रामीणों ने अपने जीवन को कुछ आसान बनाने के लिए बचे हुए पुलिया पर बांस की सीढ़ी बनाकर अत्यंत दुर्गम मार्ग से महुगांव आना-जाना कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस बांस की पुलिया को भी प्रत्येक साल बारिश का पानी बहा कर ले जाती है।

### बरसात में बांस की सीढ़ी बनाकर आवागमन करते हैं ग्रामीण

जब बरसात का मौसम आता है तो ग्रामीण बांस की सीढ़ी बनाकर अपने स्थान से आवागमन करते हैं और अपने कामों को अंजाम देते हैं। गांव के ग्रामीण प्रत्येक साल बांस की पुलिया बनाते हैं और प्रत्येक वर्षा से बारिश बहा कर ले जाती है। यहां के ग्रामीण काफी कठिनाई से जिंदगी गुजर बसर कर रहे हैं। पुल और सड़क नहीं बनने से गांव के लोग विकास के मुख्य धारा से कट गए हैं। थॉमस बरला ने बताया कि गांव की समस्या के बारे में विधायक सांसद सभी को मालूम है। पिछ्ले साल यहां पुलिया का शिलान्यास भी हुआ लेकिन पुलिया नहीं बनी। कहते हैं कि पुलिया और सड़क ही गांव का लाइफ लाइन होता है। लेकिन यहां न पक्की सड़क बनी और न पुलिया ही बन पाया। इससे गांव के लोगों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। मोनिका तिर्की ने बताया कि हाल ही में उनकी तबीयत खराब हो गई थी परिजनों और गांव के लोगों ने काफी विकट परिस्थिति में उन्हें धोकर अस्पताल ले गया था। कभी भी किसी के बीमार पड़ने पर स्थिति अत्यंत नाजुक हो जाती है। महुगांव निवासी समाजसेवी करमा उरांव ने कहा कि विकास का काम रुकना नहीं चाहिए। शिलान्यास हो गया था तो काम भी शुरू हो जाना चाहिए था। जनता को अपने विकास से मतलब है। जब सड़क और पुलिया होगी तभी तो विकास होगा।

## न्यूज | बॉक्स

### सुपर लीग मैच में रांची ने धनबाद टीम को 8 विकेट से हराया



**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला महिला (सीनियर)क्रिकेट प्रतियोगिता में रांची टीम ने सुपर लीग मैच में धनबाद टीम को 8 विकेट से हराया और फाइनल में अपनी जगह बनाई। फाइनल मैच शनिवार को चाईबासा में पश्चिमी सिंहभूम के साथ होगा। इससे पहले रांची टीम ने सुपर लीग में सिमडेगा को हराया था। आज के मैच में धनबाद टीम ने रांची टीम को जीत के लिए 215 रनों का लक्ष्य दिया जिसे रांची टीम ने 2 विकेटों के नुकसान पर 216 रन बनाकर मैच जीत लिया।जिसमें कुमारी पलक 92 रन एवं मानसी ने 62 रनों का योगदान दिया और 8 विकेट से मैच जीत लिया।

### कबड्डी संघ के पदाधिकारियों ने संजय झा को किया सम्मानित



**रांची।** झारखंड राज्य कबड्डी संघ के संजय कुमार झा को झारखंड ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव एवं मीडिया कमेटी के सदस्य बनाए जाने पर सम्मानित किया गया। मौके पर श्री झा ने कहा कि शुरू से ही खेल के पति पूरी तरह समर्पित है। कबड्डी खेल अंग अंग में भरा हुआ है। राज्य में कबड्डी खिलाड़ियों को थोड़ी परेशानी जरूर है परंतु समय के अनुसार सारी परेशानी समाप्त हो जाएगी। हम भी अपने स्तर से पहले भी और आज भी प्रयास में लगे हुए हैं झारखंड राज्य में कबड्डी का एक मंच हो जिससे खिलाड़ियों को सही दिशा निर्देश के साथ आगे बढ़ाने में सहायक /सिद्ध हो सके। इसके लिए हम अपने स्तर से झारखंड ओलंपिक संघ के तमाम पदाधिकारी से इस संदर्भ में अपना विचार रखेंगे और इसे निदान करने का प्रयास करेंगे। मौके पर झारखंड राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तपन रावत, कोषाध्यक्ष हरीश कुमार, प्रशिक्षक शिवकुमार, प्रदीप तिर्की, रामप्रसाद, शमी सिंह, विक्की शर्मा, कुणाल कुशवाहा सहित सभी कबड्डी खिलाड़ी उपस्थित होकर श्री झा को सम्मानित किया।

### उपाध्यक्ष बन कर बिपिन ने बढ़ाया कबड्डी का मान : गोपाल



**रांची।** झारखण्ड ओलंपिक एसोसिएशन के एजीएम एवं चुनाव में कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के मानद चेयरमेन बिपिन कुमार सिंह उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होकर कबड्डी का मान बढ़ाया है। उक्त बातें कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर ने पूरे कबड्डी परिवार की ओर से बधाई देते हुए कही। अध्यक्ष श्री ठाकुर ने झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के नव चयनित अध्यक्ष आरके आनंद, महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक एवं कोषाध्यक्ष श्री शिवेंद्र नाथ दुबे जी सहित पूरी कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कबड्डी परिवार से बिपिन कुमार सिंह को उपाध्यक्ष के पद पर जिम्मेवारी देने के लिए आभार प्रकट किया।

### झारखंड महिला वं पुरुष कुश्ती टीम का हुआ चयन ट्रायल



**रांची।** 11 से 15 मई तक पटना में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स, महिला एवं पुरुष कुश्ती में भाग लेने के लिए झारखंड कुश्ती टीम का चयन ट्रायल किया गया। जिसमें विभिन्न जिले से 65 कुश्ती खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसके आधार पर 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया। उक्त चयन ट्रायल का उदघाटन झारखंड राज्य कुश्ती संघ महासचिव जनीश कुमार के देख रेख में आयोजिय किया गया। इस चयन में विशेष रूप से झारखंड राज्य कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष बबलू कुमार, देवघर जिला कुश्ती संघ के सचिव संजीव झा, सीनियर प्लेयर सह कोच राजीव रंजन भीम, खेलो इंडिया सेंटर साहिबगंज के प्रशिक्षक प्रकाश सिंह बादल, साथ अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।चयन ट्रायल में चयनित 08 पुरूष और 7 महिला पहलवान, दिनांक 11 से 15 मई 2025 तक पटना बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## कराटे रेफरी व जज को लेकर टेक्निकल सेमिनार आयोजित



**रांची।** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड ने गुरुवार को कराटे रेफरी एवं जज का टेक्निकल सेमिनार यूनियन क्लब में आयोजित किया जा रहा है। सेमिनार एसकेएजे के अध्यक्ष हांसी मानस सिन्हा के अध्यक्षता में आयोजन किया जा रहा है। इस सेमिनार में झारखंड राज्य के वे कराटे जज एवं रेफरी भाग लेंगे जो कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन द्वारा कराटे रेफरी एवं जज घोषित किए गए है। इस सेमिनार में वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के कुमीते एवं काता के वर्तमान नियमों का ट्रेनिंग दिया जाएगा। सेमिनार रांची में यूनियन क्लब, थडपखना में किया गया है। सेमिनार में वर्ल्ड कराटे के नियमों का ट्रेनिंग एशियन कराटे जज सेंसाई हेजाज असदक द्वारा दिया जाएगा।

## पिठौरिया में बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ी

**पिठौरिया।** पिठौरिया के अंबेडकर चौक स्थित राम मोहन कॉम्प्लेक्स में बुधवार की रात बाइक चोरी की एक और घटना सामने आई है। सुनील पुस्तक भवन के मालिक ज्योतिष राम महतो की हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस बाइक चोरी हो गई।जानकारी के अनुसार, ज्योतिष राम महतो रोज की तरह दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी में थे, तभी उन्होंने देखा कि उनकी बाइक मौके से गायब है। घटना की सूचना तुरंत पिठोरिया थाना को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। अंबेडकर चौक क्षेत्र के व्यवसायियों में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है। उनका कहना है कि आये दिन हो रही बाइक चोरी की घटनाएं उनके व्यवसाय पर प्रतिकूल असर डाल रही हैं।व्यवसायियों ने पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा है कि चोरी की घटनाओं का न तो सही तरीके से उद्भेदन हो रहा है और न ही अपराधियों की गिरफ्तारी हो रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## संपार फाटक पर झामुमो ने किया धरना-प्रदर्शन




**इटकी।** झामुमो इटकी प्रखंड समिति के संयोजक प्रमुख वसीम इकबाल के अगुवाई में इटकी रेलवे स्टेशन के संपार फाटक को रेलवे अधिकारियों द्वारा बंद करने के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इसमें मुख्य रूप से आरओबी ब्रिज की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि संपार फाटक के दोनों ओर जो गड्ढा किया गया हैं उस को दो दिनों के अंदर भरा जाए अन्यथा तीसरे दिन हम लोग खुद भर देंगे। अधिकारियों को 15 दिनों का समय दिया गया कि वह प्रतिनिधियों के साथ बैठ कर बात करें नहीं तो 15 दिनों के बाद हम लोग इस से भी बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंग। धरना प्रदर्शन में कुद्दूस अंसारी, फजले अंसारी, भंगा उरांव, साजिद हाशमी, उस्मान अंसारी, परवेज अंसारी आदि शामिल थे।

## ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के बारकुली गांव के ग्रामीणों ने गुरुवार को तोरपा की अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बबासरकुली मौजा की गैर मजरूआ जमीन जिसका खाता नंबर 96 और प्लॉट नंबर 1899 है, उस पर कुछ जमीन दलाल बिना गांव के लोगों को जानकारी दिए अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे है। इसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि लुसी मिंज अपने को बारकुली गांव का निवासी बताती है, लेकिन उसे गांव का कोई भी बुजुर्ग व्यक्ति पहचानता तक नहीं है। कहा गया कि 16 अक्टूबर 2023 को जमीन की मापी कराई गई, लेकिन इसकी जानकारी गांव में किसी को नहीं दी गई।

## महाविद्यालय में दो दिवसीय कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन

**खूंटी।** कर्रा प्रखंड के पटेल शिक्षा स्नातक महाविद्यालय में 16 और 17 अप्रैल को दो दिवसीय कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक और प्राचार्य की उपस्थिति रही। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुतियों के साथ-साथ आकर्षक कला और शिल्प कृतियों की भी प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम को सात समूहों में विभाजित किया गया था। छर्रे का मित्र, पलाश, इन्द्र धनुष, मरम्मत, मिष्ठी, योद्धा और कलात्मक हाथ। प्रत्येक समूह ने नृत्य, गीत और नाटक के माध्यम से सामाजिक और सांस्कृतिक विषयों को मंचित किया। समूह की प्रस्तुति पुरुष पर महिला प्रभुत्व विषय पर आधारित नाटक और राजस्थान-असम की लोकनृत्य प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया और उन्हें प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। योद्धा समूह ने पर्यावरण की रक्षा करें विषय को झारखंड की लोकसंस्कृति के माध्यम से बखूबी प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### वक्फ अधिनियम 2025 को रद्द करने की मांग को लेकर जनसंपर्क अभियान

# मौलिक अधिकार का हो रहा उल्लंघन

### इस कानून को रद्द करने की मांग को लेकर आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाग लेने का अपील की गई



**नवीन मेल संवाददपाता। मांडर**
वक्फ अधिनियम 2025 को रद्द करने की मांग को लेकर मुड़मा मैदान रविवार 20 अप्रैल 2025 को एक कांफ्रेंस रखा गया है। इसके लिए सघन जनसंपर्क अभियान के तहत गुरुवार को बुढ़मू प्रखंड के चकमे, मतवे, बूढ़ा खुखरा, मांडर प्रखंड के झिंझरी, कनभीठा, गोरे, बरटोली ,टांगर बसली ,नवाटाड, बूढ़ा खुखरा, कंजिया एवं माडर सहित करगे, मलती, अंबा टोली, हेसल घुघरी समेत कई गांव में दौरा कर जनसंपर्क किया गया। इस काला कानून को रद्द करने की मांग को लेकर आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाग लेने का अपील किया गया। सभी धर्मनिरपेक्ष पार्टियों एवं भारत की जनता यह मानती है कि वक्फ अधिनियम 2025 भारत के संविधान के लिए एवं विशेष कर मुस्लिम समुदाय के लिए एक काला कानून है। ये कानून धार्मिक, सामाजिक, संविधान में प्रदत मौलिक अधिकार, समानता के अधिकार का भी उल्लंघन है। जिसका सभी स्तरों पर विरोध होना चाहिए। विरोध का गूंज भारत सरकार प्रधानमंत्री और गृह मंत्री तक पहुंचना चाहिए। इस कानून के लागू होने से मस्जिद, मदरसा, ईदगाह, खानकाह, कब्रिस्तान सहित कई इबादतगाहे एवं वक्फ की जमीन सरकार के हाथों में चली जाएगी और सरकार अपने पूंजीपति मित्रो को ये जमीन कौड़ियों के भाव लुटाएगी। इस अभियान में झारखंड तंजीम के केंद्रीय प्रवक्ता शाकीर इस्लाही ,ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के रांची जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद, समाजसेवी इरशाद इमाम समेत काफी तादाद में लोग मौजूद थे।

## ग्राम प्रधान ने डायन बताकर 118 परिवारों का किया सामाजिक बहिष्कार

**पूर्वी सिंहभूम।** जिले के डुमरिया प्रखंड के 12 गांवों में 118 संताल परिवारों को ग्राम प्रधान ने डायन और तंत्र-मंत्र जैसी कुरीतियों के नाम पर सामाजिक रूप से बहिष्कृत कर दिया है। इन परिवारों का आरोप है कि ग्राम प्रधान छोटी-छोटी बातों पर नाराज होकर डायन बताकर बहिष्कार कर देते हैं। इससे न केवल सामाजिक बल्कि प्रशासनिक स्तर पर भी उन्हें तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को सभी पीड़ित परिवार जिला मुख्यालय पहुंचे और उपायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने प्रशासन से अलग ग्राम प्रधान को मान्यता देने की मांग की है। मौके पर टुकाराम मार्डी नामक ग्रामीण ने बताया कि बहिष्कार के बाद इन परिवारों को न तो गांव के जल स्रोतों से पानी लेने दिया जा रहा है और न ही धार्मिक आयोजनों या अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाती है। ग्राम प्रधान की ओर से गांव के अन्य लोगों को निर्देश दिया गया है कि इन परिवारों से किसी भी प्रकार की बातचीत न की जाए।

## झारखंड खो-खो बालक-बालिका टीम आजमगढ़ के लिए रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड राज्य सुपर स्पीड खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय, सेक्टर-2,धुर्वा के प्रांगण में पन्द्रह दिन प्रशिक्षण शिविर के आधार पर जुनियर झारखंड बालक-बालिका खो-खो टीम का चयन किया गया। चयनित झारखंड टीम द्वितीय जुनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गुरुवार को रांची रेलवे-स्टेशन से आजमगढ़ (उत्तरप्रदेश) के लिए प्रस्थान किए। आजमगढ़ में जुनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिनांक 18 अप्रैल से 20 अप्रैल 2025 तक आयोजित होगी। झारखंड टीम की घोषणा झारखंड राज्य सुपर स्पीड खो-खो एसोसिएशन के महासचिव विवेक कुमार ने की।

झारखंड बालक-बालिका टीम इस प्रकार है : झारखंड बालक टीमः नील कान्त मुण्डा (कप्तान) ,पवन नायक (उपकप्तान), पवन उरांव, विवेक कुमार सिंह, अंशु उरांव, मनीष उरांव, मृत्युंजय मुण्डा, अमन कार्तिक रजक

**प्रशिक्षकः** अभिषेक कुमार शामिल हैं।

झारखंड बालिका टीमः पूजा कुमारी (कप्तान),अपर्णा चौधरी (उपकप्तान),मनीषा कुमारी, अन्नुप्रिया उरांव, सलोनी कुमारी, कोमल कुमारी, पूजा तिर्की, आस्था तिग्गा शामिल हैं।

**प्रशिक्षकः-** एम.एम.चौधरी

**टीम प्रबंधकः** शुभम सिंह, रेफरीः- निखिल कुमार हैं।

## जलापूर्ति योजना को जून तक पूरा करें अधिकारी : डीडीसी

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिला में पेयजल और स्वच्छता विभाग की प्रगति को लेकर जमशेदपुर स्थित समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी ) अनिकेत सचान की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर बुलाई गई थी। इसमें जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत चल रही योजनाओं की ताजा स्थिति की समीक्षा की गई और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त ने बागबेड़ा वृहद जलापूर्ति योजना को आगामी जून माह तक पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति शुरू करने का निर्देश दिया। साथ ही बोड़ाम-पटमदा जलापूर्ति योजना के पाइपलाइन बिछाने के कार्य में तेजी लाकर एक माह के भीतर पूर्ण करने को कहा। गुड़ाबांदा जलापूर्ति योजना में एक स्थानीय व्यक्ति की ओर से कार्य में की जा रही बाधा पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोबारा रुकावट डाली गई तो संबंधित व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# बृहस्पति अतिचारी 2032 तक किस पर क्या प्रभाव पड़ेगा?




वैदिक ज्योतिष में अतिचारी बृहस्पवति का अर्थ है जब गुरु ग्रह किसी राशि में अपनी सामान्य गति से ज्यादा तेजी से गोचर करता है। सामान्य तौर पर बृहस्पपति को एक राशि से दूसरी राशि में गोचर करने में 12 से 13 महीने का समय लगता है। हालांकि, जब बृहस्पति की गति तेज हो जाती है, तब यह जीवन के विभिन्न पहलुओं जैसे कि करियर, प्रेम जीवन और विकास पर गहरा एवं महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है। अतिचारी का मतलब है बहुत तेज या त्वररित। बृहस्पति बुद्धि, समझ और सौभाग्य का प्रतीक है इसलिए जब यह तेज गति से चलता है, तो इसके त्वरित और गंभीर परिणाम देखने को मिलते हैं। इस समय बृहस्पति ज्यादा तेज गति से चल रहे हैं जिस वजह से बृहस्पति अपने प्राकृतिक कारकत्व में कमी लाएंगे। हालांकि, इस तेज गति से चलने की वजह से वह आपको गलत जानकारी दे सकता है जिससे आप गलत तथ्यों पर भरोसा कर के ऐसे फैसले ले सकते हैं जो आप सामान्यत परिस्थिति में नहीं लेते। यह गोचर प्रगति, सुख-सुविधा और संपन्निता प्रदान करेगा। क्यो ऐसा पहली बार हो रहा है या पहले भी ऐसा हो चुका है? आपको जानकर हैरानी होगा कि जब भी ऐसी घटना होती है, तब दुनिया किसी ऐसी बड़ी आपदा का सामना करती है या उसे पार करती है जिसका प्रभाव पृथ्वी पर रहने वाले हर जीव-जंतु पर पड़ता है।

### बृहस्पति अतिचारी 2032 तकः अतीत में इसका प्रभाव

पिछली शताब्दियों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जब बृहस्पति ने अतिचारी गति में गोचर किया है और इस दौरान भारत और दुनियाभर में इतिहास की कई घटनाएं घटीं। जब बृहस्पति किसी भी राशि में अतिचारी होता है, तब यह अशांति लेकर आता है और ऐसे निर्णय दिलवाता है जो किसी व्यक्ति को खुश नहीं कर सकते हैं। बृहस्पति एक शुभ ग्रह है और इसके तेज गति से चलने से कई बार उथल-पुथल और अस्थिरता आती है। वर्तमान समय में दुनिया के पूर्वी और पश्चिमी देशों के मध्य संघर्ष चल रहा है और यह वैश्विक स्तर पर एक बड़े असंतुलन के आने का संकेत दे रहा है।

आपको जानकर हैरानी होगी कि जब कुरूक्षेत्र में ऐतिहासिक महाभारत युद्ध हुआ था, तब बृहस्पति अतिचारी थे। उस समय कौरवों और पांडवों के बीच जबरदस्त रक्तपात के बाद पांडवों ने सत्ता हासिल कर बड़ा परिवर्तन किया था। वहीं द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भी कई महान ज्योतिषियों ने बृहस्पति को अतिचारी देखा था और दुनिया पर मंडरा रहे बड़े खतरे की भविष्यवाणी की थी। उस समय सेना और आम नागरियों को मिलाकर कुल 75 मिलियन लोग मारे गए थे।15 अगस्त 1947 को भारत की स्वतंत्रता एक और बड़ी घटना थी। यह भी सत्ता में बड़ा बदलाव था और इस बार भी खूब रक्तपात हुआ था। आश्चर्य की बात है कि जब ब्रिटिश उपनिवेश से भारत की स्वतंत्रता की घोषणा के बाद देश के नेताओं ने सत्ता संभाली। आजादी के लिए लंबी और थका देने वाली जंग में कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान की बाजी लगाई और भारत को स्वतंत्र करवाया।

### कोरोना वायरस : एक वैश्विक महामारी और आर्थिक मंदी

साल 2020 में बृहस्पति के फिर से तेज गति से चलने की वजह से दुनिया को कोरोना वायरस जैसी महामारी का प्रकोप झेलना पड़ा। इस महामारी ने हर तरीके से परेशानियां खड़ी की, लोग बेघर हो गए, नौकरियां चली गई, दुनियाभर में कई लोगों की जान गई और वैश्विक अर्थव्यवस्था में जबरदस्त गिरावट देखने को मिली। हालांकि, कोविड-19 को राहु-केतु की चाल और प्रभाव से भी जोड़कर देखा जाता है लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि कोरोना वायरस को बहुत ही कम समय में तेजी से फैलाने में बृहस्पति की भी अहम भूमिका रही है। बृहस्पति का स्वभाव विस्तार करने का है और यह बहुत तेजी से चीजों को बढ़ाता है। इस बार बृहस्पति की तेज गति ने इस ऊर्जा को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया।

**वर्तमान की स्थिति और ऐसे क्षेत्र जिन पर ध्यान देना चाहिए**

बृहस्पति की अतिचारी अवधि खासतौर पर 2025 से लेकर 2032 तक निजी जीवन, करियर और दुनियाभर में बड़े बदलाव लेकर आएगी। वर्तमान में चल रहे युद्ध, संघर्ष और संकट, यह दर्शाते हैं कि इन कुछ वर्षों में वैश्विक स्थिति में कितनी तेजी से बदलाव आया है और इन बदलावों के प्रभाव अब और अधिक स्पष्टत नजर आएंगे। यदि वैश्विक और राष्ट्रीय दृष्टिकोण से देखें, तो तीन प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष रूप से ध्यारन देना होगा। यह घटना और बृहस्पति की तेज गति दुनियाभर में कई युद्धों को तेज करने का काम कर सकती है। जैसा कि हम पहले से ही देख रहे हैं कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा है और फरवरी 2022 से ही युद्ध चल रह है।

**क्रमशः जारी**

## रक्तदान से एक को नहीं पूरे परिवार को नया जीवन मिलता है : स्मिता

**खूंटी।** कर्रा थाना परिसर में गुरुवार को एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और आम नागरिकों में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी स्मिता नगेशिया के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, थाना के पदाधिकारी और कर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 10 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे उनमें आत्मगौरव की अनुभूति हुई और समाज में सकारात्मक संदेश गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह न केवल किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है, बल्कि समाज में सहयोग की भावना को भी सुदृढ़ करता है।

## एलुमनाई कनेक्ट कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### 60 प्रशिक्षुओं को कौशल पाठ्यक्रम पूरा करने का प्रमाण पत्र दिया गया और पूर्व छात्र अभ्यर्थियों को सम्मानित भी किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
मांडर के हेसमी में झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के अंतर्गत मुख्यमंत्री सारथी योजना मांडर के हेसमी स्थित मेगा प्लेसमेंट ड्राइव एवं स्टार एलुमनाई कनेक्ट कार्यक्रम का भव्य आयोजन गुरुवार को किया गया। झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी की प्रमुख योजना ₹मुख्यमंत्री सारखी योजना के अंतर्गत रोजगार प्लेसमेंट ड्राइव करना है। इस योजना के अंतर्गत राज्य के 18-35 वर्ष के युवाओं के लिए निशुल्क कौशल प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार से जोड़े जाने का अभियान चलाया जा रहा है। मिशन निदेशक शैलेन्द्र कुमार लाल झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के निर्देश पर दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र सक्षम झारखंड कौशल विकास सेंटर के विभिन्न ट्रेड में विशेषप्लेसमेंट ड्राइव, औद्योगिक भ्रमण और ऑन जॉब ट्रेनिंग उपलब्ध कराया गया। सहाना क्लोदिंग प्राइवेट लिमिटेड, एससीएम गारमेंट्स, याजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा प्लेसमेंट में 85 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया जिसमें 45 प्रशिक्षुओं का चयन किया गया। वही 60 प्रशिक्षुओं को कौशल पाठ्यक्रम पूरा करने का प्रमाण पत्र दिया गया और पूर्व छात्र अभ्यर्थियों को सम्मानित भी किया गया।झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। नियोजक द्वारा रिक्तियों का विस्तृत जानकारी साझा किया गया।इस कार्यक्रम में अमित कुमार विजय परियोजना सहायक, रांची जिला, यूएनडीपी, विनायका फंडामेंटल रिसर्च एंड एजुकेशनल सोसाइटीसे केंद्र परियोजना प्रमुख टी. शरण, सेंटर मैनेजर रोहित कुमार, प्लेसमेंट मैनेजर अनुष्का मीठा के साथ-साथ कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### मरार में सात दिवसीय महायज्ञ के तीसरे दिन कई अनुष्ठान

**रामगढ़।** मरार में आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्री पंच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के तीसरे दिन कई धार्मिक अनुष्ठान हुआ। इसके तहत यज्ञाचार्य अनिरुद्ध शुक्ला ने मुख्य यजमान योधन प्रसाद, सह यजमान श्रवण प्रसाद, शिवा प्रसाद, राजेश्वर प्रसाद, प्रेम सागर प्रसाद, विनोद प्रसाद, शिव शंकर प्रसाद सपत्नीक को विधवित पूजा-अर्चना कराया। इस दौरान गुरुवार को वेदी पूजन, हवन, महाआरती, पुष्पांजलि के साथ प्रसाद वितरण हुआ। अगले दिन शुक्रवार को पूर्ववत पूजन, महाआरती, पुष्पांजलि, प्रसाद वितरण के साथ भागवत कथा का आयोजन होगा। महायज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार से आसपास के वातावरण भक्तिमय हो गया है।

### जेएलकेएम ने विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**रामगढ़।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को वेस्ट बोकारो महाप्रबंधक कार्यालय के दूसरे मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया। इससे पूर्व जनवरी माह में मोर्चा ने रैयत और विस्थापितों से जुड़े 17 सूत्री मांगपत्र महाप्रबंधक को सौंपा था। मोर्चा के कार्यकर्ता और दूर दराज से आए हुए ग्रामीणों ने हाथों में मांग से संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर नाराबाजी करते हुए महाप्रबंधक कार्यालय मुख्य गेट पहुंचे। वहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर सुरक्षा और विधि व्यवस्था को देखते हुए वेस्ट बोकारो ओपी के एएसआई शंकर कच्छप, जैप और पुलिस के जवान, वेस्ट बोकारो डिवीजन के सुरक्षा विभाग के अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी पहुंचे।

### पोषण पखवाड़ा दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड में पोषण पोषण पखवाड़ा दिवस पर गुरुवार को सहायिकाओं के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत डाड़ी सीडीपीओ केके वार्मा आदि उपस्थित लोगों ने दीप जलाकर कर किया। प्रदर्शनी में आंगनबाड़ी सहायिकाओं ने साग सब्जी, मोटे अनाज से तैयार एक से बढ़कर तैयार व्यंजनों बनाया लगाया। इस प्रतियोगिता में प्रखंड के सभी 14 पंचायत से चयनित सहायिका ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में टोंगी एक आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका सविता देवी के बनाए गए व्यंजन सर्वाधिक स्वादिष्ट के आधार पर प्रथम आई। इसके बाद टोंगी एक आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका सविता देवी को डाड़ी प्रखंड से जिला स्तरीय पतियोगिता में भेजे जाने के लिए चयनित किया गया है।

चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल एसपी से की मुलाकात

# व्यापारियों की सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह से उनके आवासीय कार्यालय में शिष्टाचार भेंट हेतु पहुंचा। मुलाकात के प्रारंभ में प्रतिनिधिमंडल ने हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी पर्व के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन की प्रशंसा करते हुए पुलिस अधीक्षक को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधियों ने कहा कि जिस कुशलता और सतर्कता से इस बड़े आयोजन को संपन्न कराया गया, वह सराहनीय है और इसके लिए पूरा व्यापारिक वर्ग पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करता है। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने शहर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं




पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि बीते कुछ दिनों में हजारीबाग के विभिन्न व्यवसायिक इलाकों में चोरी की कई घटनाएं सामने आई हैं, जिससे व्यापारियों में भय और असुरक्षा की भावना व्याप्त हो गई है। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को इस विषय में एक ज्ञापन सौंपते हुए अनुरोध किया कि रात्रि गश्ती को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, व्यवसायिक क्षेत्रों में सीसीटीवी की संख्या और निगरानी बढ़ाई जाए तथा संदिग्ध तत्वों की पहचान कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त शहर की दिन-ब-दिन बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने बताया कि यातायात जाम की समस्या से आम जनता एवं व्यापारी दोनों परेशान हैं। विशेष रूप से कुछ प्रमुख चौक-चौराहों जैसे कि झंडा चौक, पैगोडा चौक, कांग्रेस ऑफिस चौक सहित कई अन्य चौक को ट्रैफिक को सुनियोजित ढंग से नियंत्रित किया जाए, तो स्थिति में सुधार संभव है।

अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए की गोलीबारी

# राहुल दुबे गैंग ने गोलीबारी के बाद छोड़ा पर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

जिला के पतरातू में अपराधियों ने गोलीबारी कर दहशत फैलाने की कोशिश किया। पतरातू थाना क्षेत्र के पतरातू रेलवे साइडिंग में अपराधियों ने देररात गोलीबारी किया। अपराधियों द्वारा कई राउंड गोली फायरिंग करने के बाद पतरातू रेलवे साइडिंग में दहशत का माहौल है। इस संबंध में मिली जानकारी मुताबिक विगत 16 अप्रैल की देर रात 11:45 बजे पतरातू रेलवे साइडिंग में गजानंद प्रसाद के रेलवे साइडिंग पर बने चेक पोस्ट पर अपराधियों ने 5 राउंड गोलीबारी किया। इस संबंध में चर्चा है कि पुलिस ने घटनास्थल से कई खाली खोखा भी बरामद किया है। पतरातू रेलवे साइडिंग के चेक पोस्ट पर अपराधियों ने पांच राउंड गोली चलाई। चेक पोस्ट में के दीवार पर पांच गोली के निशान दिख रहे हैं। घटना की सूचना के




बाद घटनास्थल पर पहुंची पतरातू पुलिस ने गोली के खोखा और राहुल दुबे नामक अपराधी द्वारा छोड़े गए पर्चा भी बरामद किया है। बताया जाता है कि एक बुलेट पर पतरातू की ओर से सवार होकर दो अपराधी पहुंचे। चेक पोस्ट पर रात 11:45 बजे के लगभग गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया।

## न्यूज | बॉक्स

### विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग में हुआ कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग में विगत बुधवार को कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में एमबीए और बीबीए के विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य सीए/सीएमए कोर्स के प्रति प्रबंधन छात्रों को जागरूक करना था। वक्ता के रूप में दीपशिखा कुमारी जो सीए/सीएमए इंटरमीडिएट (ग्रुप एक) उत्तीर्ण है। इन्होने छात्रों को सीए/सीएमए के बारे मे समझाई। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी को बधाई दिये। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ,परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार , प्रबंधन विभाग के डॉ० प्रशांत कुमार, मो० रिजवान नूरी कुंदन कुमार, अन्य व्याख्यातगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### प्राथमिक विद्यालय कोनहरा कला में एसएमसी का पुनर्गठन, अध्यक्ष बने मुकेश यादव



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय कोनहरा कला में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन के लिए गुरूवार को विद्यालय में आम सभा की गई। विदित हो कि पूर्व में कार्यरत एसएमसी का 3 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत पुनर्गठन करना निर्धारित हुआ इस निमित बीईईओ किशोर कुमार के आदेशानुसार पर्यवेक्षक नियुक्त कर पुनर्गठन कराया गया। वहीं पुनर्गठन के लिए सैकड़ो की संख्या में अभिभावक/ग्रामीण विद्यालय में उपस्थित हुए तथा मुखिया अब्बास अंसारी की अध्यक्षता में पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू की गई। वहीं उपस्थित पर्यवेक्षक सीआरपी रामकृष्ण पांडेय एवं अनंत पांडेय के द्वारा चयन की प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक लोगों को बताया गया ।तत्पश्चात आठ महिला सदस्य तथा चार पुरुष सदस्य का चयन किया गया। वहीं वोटिंग के माध्यम से अध्यक्ष के लिए मुकेश यादव चुने गए और सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष के लिए भगिया देवी तथा संयोजिका के लिए को चुना गया। विदित हो कि एसएमसी पुनर्गठन शांतिपूर्वक होने के पश्चात प्रधानाध्यापिका चंपा कुमारी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर चुनाव की प्रक्रिया समाप्त की गई।

### सांसद ने दिखाई संवेदना, बेसुध अवस्था में पड़ी महिला को भेजवाया अस्पताल

**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने मुक्तिधाम सेवा संस्थान के सचिव नीरज कुमार ने मानवीय पहल करते हुए हजारीबाग शहर के कालीबाड़ी रोड़ में सड़क किनारे बेसुध अवस्था में पड़ी



एक घायल महिला को सदर थाना की पुलिस को सूचना देकर एम्बुलेंस से उठाकर हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कई घंटे से यहां महिला पड़ी थी। जिसके बाद स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता सह अधिवक्ता विवेक कुमार सिंह और स्थानीय मां अम्बे हॉस्पिटल के संचालक राहुल ठाकुर ने इसकी सूचना हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को दी। जिसके बाद सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी और मुक्तिधाम सेवा संस्थान के सचिव नीरज कुमार तत्काल एम्बुलेंस लेकर यहां पहुंचे और महिला को एम्बुलेंस के सहारे उठाकर अस्पताल पहुंचाया और प्राथमिक चिकित्सीय उपचार और इलाज के बाद यहां भर्ती कराया एवं पानी भोजन की व्यवस्था भी कराई। घायल महिला का नाम, पता का जानकारी नहीं हो पाया है स्पष्ट कुछ बोल नहीं पा रही है। महिला के सर में चोट भी है ।

### नए सत्र में नामांकन की अंतिम सूची को लेकर कस्तूरबा विद्यालय में की गई बैठक



**बरही ।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नामांकन को लेकर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय विष्णुगढ़ में अंतिम बैठक आयोजित की गई. इसकी अध्यक्षता बीडीओ अखिलेश कुमार और संचालन वार्डेन ज्योति वर्मा ने किया. बैठक में बीईईओ राकेश कुमार एसएमसी अध्यक्षा रिंकी देवी, बीपीएम कुणाल चौरसिया, लेखापाल प्रेमचंद प्रसाद और बीआरपी शामिल हुए. बैठक की शुरूआत वार्डेन ने अधिकारियों को पुष्पगुच्छ देकर प्रारंभ किया. उसके बाद नामांकन के लिए तैयार किए गए छात्राओं के शॉर्ट लिस्ट प्रस्तुत किया गया. जिसका बारीकी से निरीक्षण के पश्चात बीडीओ ने आंशिक संशोधन का निर्देश दिया. जानकारी के अनुसार नामांकन सूची तैयार करने में विद्यालय से विद्यार्थी के आवास की दूरी, एकल अभिभावक, बीपीएल, एससी, एसटी, अनाथ, अल्पसंख्यक आदि विभिन्न विंदुओ का ध्यान रखा गया है. वार्डेन ने बताया कि अधिकारियों के निदेर्शानुसार अंतिम सूची जिला को समर्पित किया जायेगा. जिला की स्वीकृति के उपरांत मेधा सूची जारी करते हुए नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी.

### प्रमुख ने दुल्हन को शादी का जोड़ा कराया उपलब्ध, गरीबों का बढ़ाएं सम्मान



**बरही ।** खोड़ाहर पंचायत के कुंडवा गांव निवासी कैलाश भुइयां की पुत्री के शादी समारोह में प्रखंड प्रमुख मनोज रजक शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने दुल्हन को शादी का जोड़ा भी उपलब्ध करवाया और आशीर्वाद दिया. जिससे शादी के मंडप में परिजनों के बीच रौनक आ गए. उन्होंने कहा कि गरीबों के आंगन में भी मुस्कान हो इसके लिए वह प्रयासरत रहते हैं. उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि अपनी क्षमतानुसार आगे भी हर एक गरीब बेटियों के विवाह में सहयोग करने का प्रयास करेंगे. उन्होंने हर सक्षम व्यक्ति से इस प्रकार के पुनीत कार्य में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने की अपील किया है.

### विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है : तिवारी

**रामगढ़।** विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है। इसी मंदिर से हमारे समाज के बच्चों को शिक्षा का बुनियाद दिया जाता है और इसी बुनियाद पर बच्चे भविष्य में डॉक्टर, इंजीनियर, आईएस, आईपीएस, एमबीए का डिग्री प्राप्त कर समाज और देश का नाम रौशन करते हैं। इसे सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेवारी है। उक्त बातें गुरुवार को मांडू विधायक निर्मल उर्फ तिवारी महतो ने डीएमएफटी मद से केदला मध्य पंचायत के नव प्राथमिक विद्यालय नावाडीह का भवन मरम्मत, चाहरदीवारी, पेवर ब्लॉक सहित होने वाले अन्य कार्य के शिलान्यास मौके पर कहा। उन्होंने कहा यह कार्य 32 लाख रुपए से होनी है। इससे विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी और यहां के शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी काफी लाभ होगा। जिस भरोसा और विश्वास के साथ मांडू की जनता ने मुझे विधायक बनाया है मैं उनके विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा।

अबुआ आवास में लाभुकों को मोबाईल न. लॉगईन में अपडेट करना जरूरी

# राशि भुगतान में पारदर्शिता लाने की जरूरत है : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी नैन्सी सहाय द्वारा जानकारी दी गयी है कि अबुआ आवास योजना अन्तर्गत आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाने तथा आवास निर्माण के लिए लाभुक को ससमय किस्त की राशि भुगतान करने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने की जरूरत है, इसके लिए ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, रांची द्वारा तैयार किया गया है। बेनिफीशियरी लेवल टैग के माध्यम से आवास निर्माण की प्रगति के अनुसार लाभुक स्वयं



अपने निमार्णाधीन आवास का जियोटैग कर सकेंगे। इस एप्प को गुगल प्ले स्टोर अथवा अबुआ आवास योजना के पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। डाउनलोड के पश्चात मोबाईल में इसे इन्टॉल करने के क्रम में लाभुक के माबाईल में ओटीपी प्राप्त होगा। इसके लिए सभी लाभुकों को अपना मोबाईल न. प्रखण्ड लॉगईन में अपडेट करना अनिवार्य होगा। लाभुक द्वारा स्वयं से किये गये जियोटैग को पंचायत सेवक द्वारा सात दिनों के अन्दर स्थल सत्यापन करते हुए जियोटैग को अप्रुव अथवा रिजेक्ट (कारण सहित) करना हैं।

### तिराहा और कसमार के तीखे मोड़ पर लगे साइन बोर्ड

**रामगढ़।** मांडू प्रखंड के घाटो क्षेत्र को चरही से, परेज को रामगढ़ से और बंजी और केदला को चरही हजारीबाग से बंजी परेज तिराहा जोड़ता है। हर रोज व हर समय इस तिराहा से सैकड़ों वाहन पार होते हैं। लेकिन तिराहा के समीप स्थित कसमार तीखा मोड़ की अव्यवस्था के कारण आए दिन दुर्घटना होते रहती है। इस तिराहा के नजदीक सावधानी के लिए कोई साइन बोर्ड या स्पीड ब्रेकर भी नहीं है। यह सड़क बड़े वाहनों से भरा रहता है।

दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## शिविर का मुख्य उद्देश्य मां और बच्चा दोनों रहे स्वस्थ : डॉ प्रवीण

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** रविन्द्र पथ बिजली ऑफिस के विपरीत स्थित संत कोलंबस मिशन होस्पिटल में आयोजित दो दिवसीय जननी स्वास्थ्य मेला के तहत गर्भवती महिलाओं के विशेष निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ। इसमें गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क डॉक्टर परामर्श, मुफ़्त दवा, शुगर एवं हीमोग्लोबिन जांच, बी.पी. जांच, दंत जांच, न्यूरोलॉजिस्ट परामर्थ, कैंसर स्क्रीनिंग, नेत्र जांच एवं एक समय का भोजन मुफ्त प्रदान किया गया। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड व अन्य जांच पर भारी डिस्काउंट दिया गया। जिसमें 109 गर्भवती महिलाओं ने निशुल्क शिविर का लाभ उठाया। अनुभवी व विशेषज्ञ चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी गर्भवती महिलाओं की सेवा में जुटे रहें। श्रीनिवास सर्वमंगलम

*शिविर में 109 गर्भवती महिलाओं ने निःशुल्क स्वास्थ्य का लाभ उठाया*

सोसाइटी के अध्यक्ष एवं संत मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि जननी स्वास्थ्य मेला के तहत मातृशक्ति की उत्तम देखभाल प्रदान करने हेतु विशेष निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मातृशक्ति के लिए समर्पित निःशुल्क शिविर का मुख्य उद्देश्य बुनियादी जांच एवं उपचार करवाकर मां और बच्चा दोनों स्वस्थ रहे। मौके पर मिशन होस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पूजा बैरवा, डॉ शिखा खंडेलवाल, डॉ मिताली सोरेन, डॉ एएन सिंह, डॉ अभिमन्यु सिंह, डॉ फोरम कटारा, डॉ वैष्णवी पांडे एवं डॉ आदर्श खंडेलवाल सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

### विद्यार्थियों को दिया गया अग्नि सुरक्षा के मंत्र

**बरही।** अग्नि सेवा सप्ताह के तहत बरही अग्निशमन कार्यालय के अधिकारियों ने आईलेक्स पब्लिक स्कूल पहुंच कर विद्यार्थियों को अग्नि सुरक्षा संबधित महत्पूर्ण जानकारियां दी. इस दौरान अग्निशमन कार्यालय के केबी राय की टीम ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के आग से बचाव का तरीका बताया. साथ ही आग लगने पर किस प्रकार की सावधानी बरती जाए, आग लगने के विभिन्न कारकों पर विस्तार से जानकारी दिया. श्री राय ने बताया कि 14 से 20 अप्रैल तक प्रत्येक वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया जाता है, इसी निमित यह जागरूकता चलाया जा रहा है. इसी क्रम में उनके विभाग द्वारा जागरूकता व बचाव कार्यक्रम चलाए जा रहे है. इस दौरान विद्यालय के सह निदेशक डॉ सुषमा भारती सहित कई शिक्षक भी मौजूद थे. डॉ भारती ने कहा कि आग्नि सुरक्षा एक महत्पूर्ण जानकारी है.

14 से 20 अप्रैल तक राष्ट्रीय अग्निशामन जागरूकता सप्ताह आयोजित

# लोगों को आग से बचने का दिया जा रहा प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

शहर के चट्टी बाजार स्थित श्री श्याम काम्प्लेक्स के परिसर में गुरुवार को राष्ट्रीय अग्निशामन जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आग से बचने के उपाय बताए गए। 14 अप्रैल से लेकर 20 अप्रैल तक राष्ट्रीय अग्निशामन जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत लोगों को आग से बचने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है कि किस तरह आग लगने पर अपना बचाव को किया जाए। रामगढ़ फायर स्टेशन के प्रमुख अधिकारी महेंद्र सिंह एवं मोहम्मद अब्बास खान ने विस्तार से इसके बारे में समझाया। उन्होंने श्री श्याम काम्प्लेक्स परिसर के सामने आग लगवा कर फायर डिस्टिंग्विशर से किस तरह आग को बुझाना चाहिए यह प्रशिक्षण दिया। आग के ऊपर इसका प्रयोग



नहीं करना चाहिए, जिस स्रोत पर आग लगी हो वहां नीचे इसका प्रयोग करने से आग तुरंत बुझ जाती है। फिर उन्होंने गैस सिलेंडर में आग लगवा कर यह बताया कि इसके ऊपर तुरंत कोई बाल्टी ढकें, घबराएं नहीं और अगर बाल्टी उपलब्ध नहीं हो सके तो गीला मोटा कपड़ा अपने हाथ को छुपा कर इसके ऊपर ढक देंगे और अगर यह भी संभव न हो तो जहां से गैस निकल रही है उसे लाक को बंद करने का प्रयास करें। घबराने से नुकसान ज्यादा हो सकता है। फिर उन्होंने बताया कि आग लगने पर तुरंत फायर इक्विपमेंट के लिए लगाई गई मोटर को दौड़कर रनिंग पोजीशन में लाएं और जो पाइप है उसको तेजी से खोलते हुए इसके पानी को चालू करें और मजबूती से पकड़ें क्योंकि अगर इसको मजबूती से नहीं पकड़ा गया तो मोटर द्वारा प्रेशर से संचालित पानी आपको चोट पहुंचा सकता है, इसलिए पूरी मजबूती के साथ इसके नोब को पकड़ा जाए।

सांसद प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र

# लोकायुक्त की नियुक्ति की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

जनहित के मुद्दों को मुखरता से उठाने वाले भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने गुरुवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक मांग पत्र सौंपा है। इस मांग पत्र के माध्यम से उन्होंने झारखंड राज्य में लोकायुक्त की तत्काल नियुक्ति की मांग की है, ताकि भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके और आम नागरिकों को एक पारदर्शी व जवाबदेह प्रशासनिक तंत्र उपलब्ध हो। धनंजय कुमार पुटूस जो लंबे समय से सामाजिक न्याय और प्रशासनिक सुधारों के लिए कार्य कर रहे हैं, उन्होंने इस मांग पत्र में स्पष्ट किया कि लोकायुक्त की अनुपस्थिति के कारण भ्रष्टाचार की घटनाएं बेलगाम हो रही हैं, जिससे आम नागरिक अपने आप को असहाय और उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोकायुक्त एक स्वतंत्र और निष्पक्ष संस्था के रूप



में कार्य कर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और जनता को त्वरित न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**यह हैं मांग :** तत्काल लोकायुक्त की नियुक्तिः झारखंड में लोकायुक्त की नियुक्ति शीघ्र की जाए ताकि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई को गति मिले। ◆स्वतंत्र और सशक्त संस्थाः लोकायुक्त को स्वतंत्रता, आवश्यक संसाधन और अधिकार प्रदान किए जाएं ताकि यह निष्पक्ष रूप से कार्य कर सके। भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतों के निपटारे के लिए समयबद्ध और पारदर्शी तंत्र स्थापित किया जाए।

जलयात्रा के साथ प्रारंभ हुआ नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ

# यज्ञ से समृद्धि का होता है वास मिलती है सुख शांति : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

डूमरडीह में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई. जिसकी शुरूआत विधायक मनोज कुमार यादव ने बतौर मुख्यातिथि कलश देकर किया. इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप उपाध्यक्ष किसून यादव, बरही मध्य जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष सह मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी, पंसस विकास सिंह सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे. महायज्ञ आयोजन के लिए यज्ञ कमिटी के पदाधिकारियों को



बधाई देते हुए क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना किया. महायज्ञ में बैजनाथ यादव सपत्नीक, अजय सिंह, रविंदर सिंह, अजय चंद्रवंशी, मुनेश्वर यादव, धनेश्वर यादव, ठाकुरी यादव, वंशी यादव, दिनेश चंद्रवंशी, चंदेश्वर यादव, रमेश यादव, दिलीप सिंह, नंदू सिंह, शत्रुघ्न यादव, बृंदा सिंह, कैलाश सिंह और जनार्दन चंद्रवंशी बतौर यजमान शामिल हुए. पंडित अर्जुन पांडेय, शुभम पांडेय, शक्ति शास्त्री एवं उपेन्द्र पांडेय आदि के पांडित्य में जलयात्रा निकाली गई. जिसे सफल बनाने में महायज्ञ कमिटी के अध्यक्ष बैजनाथ यादव, उपाध्यक्ष शकर चंद्रवंशी, सचिव रामाधीन चंद्रवंशी, उपसचिव रविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष जीवलाल शर्मा, संयोजक बीरेंद्र शर्मा, जीवलाल राणा आदि ने महती भूमिका निभाई.

### कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की सिमडेगा में प्रेस वार्ता

# स्वास्थ्य, बालू नीलामी और पलायन पर दी बड़ी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने एक अहम प्रेस वार्ता की, जिसमें उन्होंने जिले की विभिन्न समस्याओं और सरकार की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। सबसे पहले उन्होंने सिमडेगा की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था पर चिंता जताई। खाट से मरीजों को अस्पताल लाने में हो रही परेशानियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में वे खुद सिमडेगा प्रशासन से बात कर चुकी हैं और शीघ्र ही समाधान की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 108 एंबुलेंस की लचर व्यवस्था को देखते हुए राज्य सरकार से मांग करेंगी कि इस सेवा के लिए किसी दूसरी एजेंसी को जिम्मेदारी दी जाए, ताकि लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके।अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी के "पहले शरीयत फिर संविधान" वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए शिल्पी नेहा ने साफ कहा कि देश संविधान से चलता है, और मंत्री का यह बयान उनकी निजी विचारधारा हो सकती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर किसी को अपने विचार रखने का अधिकार है, लेकिन देश की प्राथमिकता संविधान ही रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी टिप्पणियों से बचना चाहिए जो सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करें।बालू घाटों की नीलामी के मुद्दे पर मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार नॉन टैक्स पेयर नागरिकों को मुफ्त बालू देने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि कोई गरीब नागरिक अबुआ आवास बनाना चाहता है, तो वह संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर अनुमति प्राप्त कर सकता है और उसे बालू लेने में कोई परेशानी नहीं होगी।वक्फ संशोधन कानून पर भी उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि धर्म के नाम पर राजनीति की जा रही है और देश में अराजकता फैलाने का प्रयास हो रहा है। अंत में उन्होंने कृषि क्षेत्र में पलायन को रोकने की दिशा में कई योजनाओं को सिमडेगा में लागू करने की बात कही, जिससे किसानों को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार और संसाधन उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि सरकार सिमडेगा जैसे आदिवासी बहुल जिले में कृषि को मुख्यधारा में लाकर गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ,कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि समी आलम जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन उपस्थित थे।

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सिमडेगा समाहरणालय में की समीक्षा

**सिमडेगा।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार के शिल्पी नेहा तिर्की का सिमडेगा जिला में आगमन हुआ। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह सहित पुलिस अधीक्षक सौरभ, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी ने बुके देकर स्वागत किया।इस दौरान मंत्री ने समाहरणालय सभागार में कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं सहकारिता कार्यालय अंतर्गत संचालित कार्य योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



बैठक में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सर्वप्रथम कृषि कार्यालय अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने खरीफ एवं रबी मौसम में बीज वितरण की समीक्षा की। लैम्पस के माध्यम से किसानों को बीज मुहैया की जाती है। माननीय मंत्री जी ने जिलेके क्रियाशील लैम्पस की जानकारी ली। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि जिले में कुल -94 लैम्प्सहै, जिसमें 45 लैम्पस क्रियाशील है। अंत में माननीय मंत्री जी ने सभी पदाधिकारियों को जनता के प्रति ईमानदारी से कार्य करते हुए सरकार की जितनी भी महात्वाकांक्षी योजनाएं है उससे किसानों को आच्छादित करने की बात कहीं। कहां कि सिमडेगा जिला की जनता गरीब है, गरीबी के कारण ही बड़ी संख्याओं में बड़े शहरों में पलायन करते हैं। पलायन को रोकने के लिए उन्होंने पदाधिकारी को प्रखंड एवं कलेस्टर वार यूनिक कार्यशाला बनाकर योजनाओं से किसानों को जोड़ने की बात कहीं। उन्होंने बागवानी योजना के तहत लाह की उत्पादन के लिए लाह पेड़ लगवाने हेतु उपायुक्त को निर्देश दिये। साथ ही जिले में बेहतर कृषि कार्य करने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में बेहतर कार्य योजना बनाकर विभाग भेजने की बात कहीं। केसीसी ऋण योजना की समीक्षा के क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास ने बताया कि वित्तीय वर्ष- 2024-25 में प्रखंडों से आवेदन प्राप्त करते हुए उसकी स्वीकृति कुल 1788 किसान की आवेदन बैंक को समर्पित किया गया है। माननीय मंत्री महोदय ने कहा कि जिले में निबंधित किसान के आलोक में केसीसी योजना से आच्छादित किसान बहुत ही कम है। जिसे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि अगस्त माह 2025 तक 5000 नए किसानों को केसीसी ऋण योजना से आच्छादित करेंगे। इसके लिए जिले के सभी 94 पंचायत में दो-दो दिन का कैंप आयोजन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने किसान ऋण माफी योजना के तहत जिले में कितने किसानों का ऋण माफी किया गया है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि 2020 से पहले जो किसान केसीसी ऋण लिए थे उनकी संख्या लगभग 11000 है। जिसमें से 9000 से अधिक किसानों का ऋण माफ किया गया है। ऋण माफी को लेकर किसानों में फैली भ्रम को दूर करने हेतु जागरूकता अभियान चलाने की बात कहीं कि जो किसान 2020 से पहले केसीसी योजना लाभ लिए हैं केवल उन्हीं का माफ किया जाएगा।

### कोलेबिरा में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का भव्य स्वागत

कोलेबिरा: झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के कोलेबिरा आगमन पर कांग्रेस और झामुमो कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। मंत्री ने रण बहादुर सिंह चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।उन्होंने क्षेत्रीय विकास और सामाजिक न्याय को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई तथा स्थानीय जनता से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। मंत्री ने राज्य सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी दी और समाधान का भरोसा दिलाया।इस अवसर पर फुल केरिया डांग, फिरोज अली, सुरेश द्विवेदी, राकेश कोनगाड़ी, महिमा डांग, तजमुल खान, सुमन गुड़िया, अमृत डुंगडुंग, फुल कुमारी समद, सुनिता नायक, देवेन्द्र साहू, सन्नी रिजवान सहित कई कांग्रेस एवं झामुमो नेता मौजूद रहे।

## पारस्परिक स्थानांतरण नियमों में सरलीकरण की मांग: जिला अध्यक्ष




**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रखंड इकाई जलडेगा की बैठक प्रखंड अध्यक्ष राजीव मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा उपस्थित थे। प्रारंभ में प्रखंड अध्यक्ष ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद संघ की विचारधारा से प्रभावित होकर प्यारा एक्का, विश्राम लुगुन, सुभाष कुमार साहू, रहमली अंसारी और बुद्धदेव सिंह ने संघ की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें जिला अध्यक्ष द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया।बैठक में शिक्षकों ने विभिन्न समस्याओं को जिला अध्यक्ष के समक्ष रखा। अपने संबोधन में श्री शर्मा ने कहा कि शिक्षकों से गैर-शैक्षणिक कार्य लिया जाना गलत है और इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। उन्होंने विभागीय आदेश का हवाला देते हुए कहा कि शिक्षकों को केवल शैक्षणिक कार्यों में ही लगाया जाना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों के अंतरजिला एवं पारस्परिक स्थानांतरण के नियमों को सरल बनाए जाने की मांग की ताकि अधिक से अधिक शिक्षकों को स्थानांतरण का लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने बताया कि ग्रेड-4 से संबंधित फाइल एक सप्ताह में जिला स्थापना समिति को भेजी जाएगी और जल्द ही प्रोन्नति की प्रक्रिया शुरू होगी।स्वास्थ्य बीमा योजना में राउरकेला के अस्पतालों को शामिल न किए जाने पर उन्होंने खेद प्रकट किया और भरोसा दिलाया कि जिला कमेटी शिक्षकों की समस्याओं को राज्य कमेटी तक पहुँचाएगी।बैठक में नौशाद परवेज, अजीत तिर्की सहित कई शिक्षकों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता फुलेंदर साहू ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड सचिव मधुसूदन महतो ने दिया।इस मौके पर संजय चौरसिया, अमित कुमार, धनेश्वर यादव, बनेश्वर महतो, आरती देवी, सुनीता बाखला समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

## उपायुक्त सिमडेगा ने कुपोषण जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु ने समारहणालय परिसर में समाज कल्याण विभाग के कुपोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित। उपायुक्त ने कहा है कि समाज कल्याण विभाग के द्वारा पोषण माह का आयोजन किया गया है। इस माह के दौरान अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को पोषण के प्रति जागरुक किया जाएगा ताकि जिले को कुपोषण से मुक्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि पोषण माह के तहत पोषण रथ जिले के विभिन्न प्रखंड, पंचायत व गांवों में जाकर आम जनों को जागरूक करेगा। इसके माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में होने वाले गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस रथ के माध्यम से लोगों को कुपोषण के प्रति, बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल, स्वस्थ गर्भावस्था के लिए आहार संबंधित आवश्यक संदेश दिया जाएगा।



### डीसी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी एवं प्रखण्ड स्तरीय शिक्षा विभाग के पदाधिकारी उपस्थित हुए।इस दौरान वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नामांकन प्रारंभ है, सभी बीईईओ, बीपीओ को विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। प्रखण्डवार ट्रांजिशन के समीक्षा के क्रम में 100 प्रतिशत से कम ट्रांजिशन वाले प्रखण्ड को सभी अनामांकित एवं विद्यालय से बाहर रह गये बच्चों को विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित कराते हुए सभी प्रखण्डों को 100 प्रतिशत ट्रांजिशन सुनिश्चित कराते हुए सभी बच्चों का विद्यालयवार ट्रांजिशन का डाटा संधारित करने का निदेश दिया गया।सभी सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत कक्षा 1-8 तक के सभी बच्चों को स्कूल बैग उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। जल-पखवाड़ा के अन्तर्गत विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। उपायुक्त सिमडेगा द्वारा राज्य द्वारा निर्धारित गतिविधियों के अतिरिक्त जल-पखवाड़ा अन्तर्गत जल संचयन एवं जल संरक्षण के उपायों को विद्यालय स्तर पर सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### महायज्ञ महोत्सव सह मेला,उड़ीसा की कीर्तन मंडली ने बांधा समां, श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**कोलेबिरा।** प्रखंड के ग्राम बरसलोया में आयोजित चार दिवसीय अखंड हरिकीर्तन महोत्सव के तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। उड़ीसा से आई कीर्तन मंडलियों ने शानदार प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। खासकर उड़ीसा की समलपुर मंडली, जय दुर्गा, जय गणेश मंडली और फुलवा टांगर की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया।तीसरे दिन भव्य झांकियों के साथ मेले का शुभारंभ हुआ। बरसलोया बस्ती, रामजड़ी, बानो, भिजपुर, केतुंगा सहित झारखंड और उड़ीसा की कीर्तन मंडलियों ने हिस्सा लिया।धार्मिक आयोजन में पूर्णाहुति, नगर भ्रमण और महाभंडारे का आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा, जिसमें उड़ीसा के लोकप्रिय कलाकार उर्मिला महतो, सुमन गुप्ता सहित अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।पूजा अनुष्ठान में पुरोहित पवन शर्मा व अवधेश पाढ़ी, यजमान के रूप में अमित सिंह और बिनीता देवी शामिल हुए। आयोजन समिति में अध्यक्ष रूपेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष नीतीश दास, सचिव युधिष्ठिर सिंह समेत कई सदस्य उपस्थित रहे।इस अवसर पर क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी रही और पूरे गाँव में भक्ति का माहौल छा गया।

### कोलेबिरा, बानो और लचरागढ़ में गुड फ्राइडे और ईस्टर की धूम, चर्चों में विशेष प्रार्थना कार्यक्रम

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा बानो और लचरागढ़ क्षेत्रों में गुड फ्राइडे और ईस्टर पर्व को लेकर ईसाई समुदाय में उत्साह देखा जा रहा है। गुड फ्राइडे के अवसर पर विभिन्न गिरजाघरों में प्रभु यीशु के बलिदान को स्मरण करते हुए विशेष मिस्सा पूजा, विनती और आराधना कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। श्रद्धालु प्रभु की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए प्रार्थना में लीन दिखाई दे रहे हैं।वहीं रविवार को मनाए जाने वाले ईस्टर पर्व की तैयारी भी जोरों पर है। ईसाई धर्मावलंबी अपने पूर्वजों की कब्रों की साफ-सफाई और रंग-रोगन में जुटे हुए हैं। ईस्टर के दिन कब्रों पर मोमबत्ती जलाकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की जाएगी। साथ ही चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं और आराधना कार्यक्रम आयोजित होंगे।यह पर्व प्रभु यीशु के पुनरुत्थान का प्रतीक है, जो विश्वास, आशा और पुनर्जीवन का संदेश देता है। क्षेत्र के विभिन्न गिरजाघरों को सजाया जा रहा है और श्रद्धालु धार्मिक आस्था के साथ पर्व की तैयारी में जुटे हैं। पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है।

### 25 अप्रैल को नसबंदी कैम्प, इच्छुक लाभार्थियों से समय पर पंजीकरण की अपील

**रांची।** कोलेबिरा : कोलेबिरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आगामी 25 अप्रैल 2025 शुक्रवार को लेप्रोस्कोपिक विधि द्वारा महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी कैम्प का आयोजन किया जाएगा।स्वास्थ्य केंद्र की ओर से जारी सूचना के अनुसार, इच्छुक लाभार्थी 24 अप्रैल 2025 तक अपने सहिया या एएनएम के पास पंजीकरण करवा सकते हैं। समय पर पंजीकरण कराने पर ही लाभार्थियों को कैम्प में शामिल होने का मौका मिलेगा।महिला बंध्याकरण कराने वाली लाभार्थियों को सरकार की ओर से 2000 एवं पुरुष नसबंदी कराने वाले लाभार्थियों को 3000 क्षतिपूर्ति राशि के रूप में प्रदान की जाएगी।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि यह कैम्प परिवार नियोजन के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है ताकि लोग छोटा, खुशहाल और स्वस्थ परिवार अपना सकें।उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं और कैम्प को सफल बनाने के लिए तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं।

### कोलेबिराः टेंपो दुर्घटनाग्रस्त, पांच घायल बीडीओ ने पहुचाया अस्पताल



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलेबिरा-बानो-मनोहरपुर मुख्य पथ स्थित बोंगराम पेट्रोल पंप के समीप एक टेंपो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह टेंपो कोलेबिरा से सवारी लेकर बानो की ओर जा रही थी। जैसे ही वाहन अर्धनिर्मित पुलिया के पास पहुंचा, उसी दौरान उसका ब्रेक फेल हो गया, जिससे टेंपो पलट गई।दुर्घटना में टेंपो में सवार 23 वर्षीय संजय टोपनो, 18 वर्षीय प्रमिला लुगून, 24 वर्षीय शुगर लुगून, 20 वर्षीय रोशनी टोपनो, 35 वर्षीय अमरेन डांग और 40 वर्षीय अन्ना डांग घायल हो गए।संयोग से उसी समय बानो के प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी सिमडेगा से बानो लौट रहे थे और रैसियां गांव निवासी खतेश बोलेरो से कोलेबिरा की ओर जा रहे थे। उन्होंने दुर्घटना को देखकर तुरंत स्थिति का जायजा लिया और घायल यात्रियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा पहुंचवाया।चिकित्सकों द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल संजय टोपनो, अमरेन डांग और अन्ना डांग को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, सिमडेगा रेफर कर दिया गया।

## ननबैंकिंग कंपनियों में जमा राशि की वापसी की मांग को लेकर जुलूस, सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** सहारा, एपीलाइन, पल्स, साईं प्रकाश जैसी ननबैंकिंग कंपनियों में जमा राशि की वापसी की मांग को लेकर शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में लोगों ने बानो में जुलूस निकाला। यह जुलूस जयपाल सिंह मुंडा मैदान से प्रारंभ होकर प्रखंड कार्यालय तक गया, जहाँ मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया।यह आंदोलन झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच बानो के बैनर तले किया गया,





जिसका नेतृत्व शिवचंद मांझी व इंद्रावती देवी ने किया। प्रदर्शनकारियों ने "मेहनत का पैसा वापस दो", "सरकार होश में आओ", "इंकलाब जिंदाबाद" जैसे नारों के साथ सरकार पर दबाव बनाया।कार्यक्रम में मौजूद झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने 9 जून 2025 को वीर बिरसा मुंडा शहादत दिवस पर रांची में होने वाले राजभवन मार्च में भारी संख्या में शामिल होने की अपील की।जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे, जिनमें नीरज गुड़िया, अजय बिलूंग, प्रकाश जोजो, अनु डांग, मनफोट लकड़ा, सुदर्शन डांग, बहमनी सुरीन, सुखमंती देवी, कौशल्या देवी और एंजिला सुरीन शामिल रहे।

## बानो प्रखंड के कई गांवों में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी, सात पर प्राथमिकी

**बानो।** बानो प्रखंड के टोनिया, गेरदा, मरानी और हुरदा गांवों में बिजली चोरी के खिलाफ बिजली विभाग ने सघन छापामारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान बिजली चोरी करते पाए जाने पर सात लोगों के खिलाफ गिरदा ओपी में प्राथमिकी दर्ज की गई है। छापामारी टीम का नेतृत्व विद्युत सहायक अभियंता विनोद कक्षप ने किया। उनके साथ अभियंता ललित कुमार राम, विद्यासागर, मोहम्मद अकरम हुसैन, अजीत बढ़ाइक, एरिक केरकेट्टा, आमोद टोपनो और नीलांबर बड़ाइक भी शामिल थे। बिजली विभाग ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी कानून अपराध है और इस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने लोगों से अपील की कि वे वैध तरीके से बिजली का उपयोग करें, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## जंगल में पेड़ से झूलता मिला दस दिनों से लापता महिला का शव, हत्या की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता**



**जलडेगा।** गुरुवार को जलडेगा थाना क्षेत्र के बनजोगा इलियास गढ़ा जंगल के कुसुम पेड़ में एक महिला का झूलता हुआ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गया। काफी दिन होने के कारण शव सड़ने लगा था। जिसमें बदबू भी आने लगी थी। महिला का शव इतना भयावह हो गया था कि लोग उसके पास भी जाने से डर रहे थे। दिए भी किसी तरह हिम्मत जुटा कर लोगों ने मीडिया तक बात पहुंचाई जिसके बाद जलडेगा थाना को भी घटना के संबंध में जानकारी दी गई। प्रथम दृष्टया शव को देखकर हर कोई हत्या की आशंका जता रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। पुलिस ने मृतका की पहचान बिलासी मघईया, पति शनिचर केरकेट्टा, उम्र लगभग 24 वर्ष, गांव बनजोगा बीराटोली निवासी के रूप में की है। इधर जलडेगा थाना प्रभारी ने बताया कि घटना को लेकर अनुसंधान जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझेगी।

### पति से हुआ था झगड़ा

मृतका बिलासी मघईया के पति ने बताया कि 5 अप्रैल को उसकी पत्नी शनिवार बाजार है थी। जहां से वो शराब पीकर घर आई थी। पति खुद भी गांव में कहीं से शराब पी रखा था। रात को किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ तो पति शनिचर केरकेट्टा ने अपनी पत्नी बिलासी मघईया को दो थप्पड़ भी मारा था।

### पत्नी कह रही थी काम करने के लिए जाएंगे मुंबई

मृतका बिलासी मघईया के पति ने बताया कि उनका कोई संतान नहीं है, अपने छोटे भाई के साथ तीनों एक साथ रहते थे। बिलासी पहले से ही दो तीन बार मुंबई जाकर वहां काम कर चुकी है। इस बार भी लड़ाई होने के बाद वो मुंबई भागने की बात कही थी। और घर से अपना बैग, चप्पल आदि दैनिक जरूरतों के सामग्री को साथ लेकर घर से भाग गई थी। जिस समय पत्नी घर से भागी उस समय शनिचर केरकेट्टा गांव में ही एक शादी समारोह में काम करने गया था। वापस घर आया तो उसकी पत्नी घर में नहीं थी। वो हर जगह छानबीन किया, इधर उधर खोजा लेकिन उसको अपनी पत्नी का कहीं पता नहीं चला। उसको लगा शायद उसकी पत्नी सच में मुंबई भाग गई होगी।

## स्वास्थ्य मंत्री के दावे फेल, समय पर एंबुलेंस न मिलने से महिला की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर किए जा रहे दावों की पोल एक बार फिर खुल गई है। सिमडेगा सदर अस्पताल में बुधवार को लंग्स इंफेक्शन से पीड़ित एक महिला मरीज की इलाज के अभाव में मौत हो गई। महिला को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया था, लेकिन 108 एम्बुलेंस सेवा समय पर उपलब्ध नहीं हो सकी।मृतका मसीहधनी सोरेंग लायलौंगा गांव की रहने वाली थी। उसकी स्थिति खराब होने पर परिजनों ने तीन दिन पूर्व उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि मरीज की हालत गंभीर है और उसे उच्च स्तरीय इलाज के लिए रांची भेजना जरूरी है। इसके बाद परिजनों ने 108 एम्बुलेंस सेवा को कई बार फोन किया, लेकिन हर बार इंतजार करने को कहा गया।परिजनों का कहना है कि मंगलवार सुबह से लेकर रात तक उन्होंने लगातार एम्बुलेंस का इंतजार किया, पर कोई मदद नहीं मिली। अंततः बुधवार सुबह महिला की मौत हो गई।यह घटना स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था और 108 एम्बुलेंस सेवा की सच्चाई को उजागर करती है। परिजनों का कहना है कि अगर समय पर एम्बुलेंस मिल जाती, तो महिला की जान बचाई जा सकती थी। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर भारी आक्रोश है।सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के दावों के बीच ऐसी घटनाएं सिस्टम की गंभीर खामियों को उजागर करती हैं।

## झामुमो नेता फिरोज अली का भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड समिति कोलेबिरा की ओर से एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें फिरोज अली को दोबारा पार्टी का केंद्रीय समिति सदस्य बनाए जाने पर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बागे के आवासीय प्रांगण में आयोजित हुआ।समारोह के दौरान प्रखंड समिति द्वारा फिरोज अली को फूलमाला और बुके भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य फिरोज अली ने कोलेबिरा में झामुमो का नया प्रखंड कार्यालय बनाने की घोषणा की तथा जल्द ही पंचायत कमेटी की बैठक बुलाने की बात कही।बैठक में प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बागे, उपाध्यक्ष एल्बिन समद, दसरथ नायक, महेश दास, सचिव बिरीस डुंगडुंग, कोषाध्यक्ष सन्नी रिजवान, फुलकुमारी समद, सुनीता नायक सहित कई पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह में संगठन विस्तार और क्षेत्रीय मजबूती पर भी चर्चा हुई।

### विस्थापितों को लेकर पुनर्वासन व पुनर्व्यवस्थापन समिति की बैठक आयोजित

# प्रभावित परिवारों को सुविधाएं सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में गुरूवार को समाहरणालय सभागार में गोन्दुलपारा कोयल खनन परियोजना के प्रभावितों को लेकर पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन समिति की बैठक आहुत की गई। जिसमें सांसद मनीष जायसवाल, प्रभावित क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि, कंपनी के प्रतिनिधि, जिला व प्रखण्ड स्तरीय अधिकारी सहित रैयत प्रतिनिधि शामिल हुए। मौके पर बड़कागांव अंचल अन्तर्गत अडानी इन्टरप्राईजेज लि., गोन्दुलपारा कोयला खनन परियोजना में सन्निहित रैयती भूमि के अर्जन से होने वाले विस्थापितों एवं प्रभावित होने वाले परिवारों को बेहतर पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थान लाभ/सुविधाएं प्रदान करने, सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से प्रभावित परिवारों का सशक्तिकरण, क्षेत्रीय विकास के साथ-साथ पर्यावरणीय और संस्कृति संरक्षण, भूमि अधिग्रहण से उत्पन्न समस्याओं के समाधान तथा प्रभावितों के परिवारों के विकासात्मक अवसर करने संबंधी महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। प्रभावित परिवारों से विचार विमर्शोपरांत पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थान योजना प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त ने कहा कि गोन्दुलपारा कोयला खनन परियोजना पुनर्वास कॉलोनी निर्माण हेतु भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थान में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013; के तहत पुनर्वास कॉलोनी निर्माण हेतु भूमि के अधिग्रहण के कारण प्रभावित होने वाले परिवारों को नियम के अधीन पुर्नव्यवस्थापन एवं पुनस्थापन लाभ/सुविधाएं सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। बैठक में बताया गया कि इस परियोजना के क्रियान्वयन में भूमि अधिहण के कारण प्रभावित परिवारों के गैर स्वैच्छिक विस्थापन होने की संभावना के मद्देनजर परियोजना के समीप पुनर्वास कॉलोनी निर्माण के लिए ग्राम चदैरान, थाना नं. 129, थाना बड़कागांव अन्तर्गत कुल 162.56 एकड़ रैयती भूमि अर्जनाधीन है जिसकी अधिसूचना प्रकाशित कर दी गई है।

## लापता किशोरी का मिला शव, हत्या की आशंका



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका** जिला के मसलिया थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय किशोरी की गड्ढे से अर्धनग्न अवस्था में शव बरामद किया गया है. इधर पुलिस फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. मृतका नौवीं की छात्रा थी, लड़की के पिता यात्री बस के चालक हैं. दरअसल यह पूरा मामला दुमका के मसलिया थाना क्षेत्र का है. जहां नवीं कक्षा की एक छात्रा बुधवार देर शाम लगभग 7:30 बजे कुछ काम की बात कहकर घर से निकली. काफी समय बीतने के बाद जब वह घर नहीं लौटी तो परिजन चिंतित हो गए और उन्होंने खोजबीन शुरू कर दिया पर वह नहीं मिली. गुरुवार सुबह घर वालों को कुछ ग्रामीणों के द्वारा यह जानकारी हुई की लापता बेटी का शव उसके घर से लगभग 700 मीटर दूर एक सुनसान इलाके में स्थित गड्ढे में पड़ा हुआ है. किशोरी का शव अर्धनग्न अवस्था में थी. इस मामले की जानकारी होते ही आसपास के ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए. लोगों के द्वारा मसलिया थाना को सूचित किया गया तो थाना प्रभारी धनंजय प्रजापति पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे.

### सड़क हादसे में एक बच्चे की मौत, दो घायल, चालक गिरफ्तार, वाहन जब्त

**बरही ।** मदरसा पढ़ने जा रहे तीन मासूम बच्चे एक मालवाहक ट्रक जेएच 10बी 3352 अपने चपेट में ले लिया. जिसमें कोनरा निवासी मो हसन पिता मो इस्लाम का निधन हो गया. वही गंभीर रूप से घायल सैफ अली खान पिता मो कयूम हरकुरहा, फतेहपुर (नवादा) और मो शोएब पिता मो कयूम शादी मोहल्ला गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल भर्ती किया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद हजारीबाग निर्भर कर दिया. मृत बच्चे के पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनो को सौप दिया गया. पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से ट्रक चालक को ट्रक सहित गिरफ्तार किया गया. मृतक के चाचा ने लिखित आवेदन देकर पुलिस से उचित कारवाई की मांग किया है. घटना गुरुवार की सुबह ओल्ड जीटी रोड तहफुजे इस्लाम मदरसा के पास की है.

### सिंदरी हर्ल फैक्ट्री से अमोनिया गैस के फैलने पर जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई की मांग



**धनबाद।** सिंदरी वासियों की आंखों में सुबह-सुबह जलन और सांस सम्बंधी परेशानी आने लगी. जिसके कारण लोगों में बौखलाहट बढ़ गई. लोग एक दूसरे को फोन कर जानकारी लेने में जुट गए. पता चला कि वातावरण में अमोनिया गैस फैलने के कारण उन्हें इस तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. करीब दो घंटे तक लोग परेशान रहे. लोगों ने हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड (हर्ल) के अधिकारियों से फोन पर जानकारी ली तो मालूम हुआ कि हर्ल फैक्ट्री में मेंटेनेंस का काम चल रहा है और फैक्ट्री शट डाउन है. जिसके कारण अमोनिया गैस का लीक हुई है. सिंदरी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू ने कहा कि वातावरण में अमोनिया गैस के फैलाव के कारण आंखों में जलन शुरू हो गई. कई लोगों से भी संपर्क किया, उन्होंने भी अपनी तकलीफ बताई. इसके बाद हर्ल प्रबंधन से जानकारी ली गई. उन्होंने बताया गया कि फैक्ट्री शटडाउन है. साथ ही मेंटेनेंस का कार्य चल रहा है. जिस के कारण थोड़ा बहुत अमोनिया गैस वातावरण में फैली है. दीपक कुमार दीपू ने कहा कि अगर कंपनी ऐसे कार्य करती रही तो लोग यूं ही भयभीत होंगे. अगर हर्ल को मेंटेनेंस का काम करना था और जब हर्ल जानती थी कि मेंटेनेंस के दौरान इस तरह की नौबत आती है तो इसकी जानकारी लोगों को साझा करनी चाहिए थी. यह हर प्रबंधन की सरासर लापरवाही है. हर्ल प्रबंधन को ऐसे लापरवाह अधिकारियों के ऊपर विभागीय कार्रवाई करने की जरूरत है ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा ना हो. वहीं बासुकीनाथ सिंह ने कहा कि 25 साल बाद ऐसी नौबत देखने को मिली है. क्योंकि भोपाल गैस हादसा सभी जानते हैं, इसलिये लोग ऐसे हादसों को याद कर ज्यादा डर और सहम जाते हैं.

### पूर्व सांसद राजकिशोर महतो के पुत्र राजेश महतो का निधन

**धनबाद।** गिरिडीह के पूर्व सांसद राजकिशोर महतो के मंझले पुत्र राजेश महतो उर्फ डब्बू बाबू का निधन हो गया. वह लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे. उनका इलाज धनबाद के अशर्फी अस्पताल में चल रहा था, लेकिन उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी. उनकी उम्र 53 साल थी. राजेश महतो झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक सदस्यों में से एक स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो के पोते थे. उनके निधन पर सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो, पूर्व विधायक लंबोदर महतो, सहित कई नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की है.

### दो बाइक आपस में टकराई, 3 घायल



**गावां, गिरिडीह।** गावां-सतगावां पथ पर मंझने पुल के पास गुरुवार की दोपहर दो बाइक सवार आपस में टकरा गए। इस घटना में महिला बच्ची समेत 3 लोग घायल हो गए। घायलों में मंझने निवासी महादेव यादव का 15 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार, स्व भागो चौधरी के (20) वर्षीय पुत्र रवि कुमार और (6) वर्षीय बच्ची दिव्या कुमारी शामिल हैं। बताया जाता है कि बाइक सवार मंझने निवासी गावां से अपने घर मंझने जा रहे थे, वहीं उसी गांव निवासी रवि कुमार बाइक पर सवार होकर अपनी पत्नी और बेटी के साथ बासोडीह से घर जा रहे थे। इसी बीच मंझने पुल के पास स्थित टर्निंग में एक पिकअप को ओवरटेक करने के दौरान दोनों बाइक सवार आपस में टकरा गए। घटना में सभी बीच सड़क पर गिरकर चोटिल हो गए। सभी को 108 एम्बुलेंस के सहयोग से आनन फानन में गावां अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉ मुकेश वर्मा ने घायल सूरज को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सक के अनुसार उसका कान से काफी रक्तस्राव हो रहा था।

### योजना के क्रियान्वयन को लेकर मंत्री ने की बैठक

# पीरटांड़ मेगालिफ्ट सिंचाई जिले के लिए वरदान साबित होगी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** हफीजुल हसन, मंत्री, जल संसाधन विभाग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, झारखंड सरकार तथा सुदिव्य कुमार, मंत्री नगर एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार की संयुक्त अध्यक्षता में पीरटाड़ प्रखंड सभागार में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीरटांड़ मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना के क्रियान्वयन को लेकर एक बैठक हुई। बैठक में मंत्री हफिजुल हसन द्वारा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीरटांड़ मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना के सफल क्रियान्वयन के संबंध में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई तथा इसके उचित क्रियान्वयन को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान मंत्री ने कहा यह महत्वाकांक्षी योजना पीरटांड़वासियों समेत पूरे जिले के लिए वरदान साबित होगा। इसके क्रियान्वयन में जो दिक्कतें आ रही हैं, उसे आपसी समन्वय के साथ दूर करें और पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करें। बैठक में मंत्री ने संबंधित निर्माण एजेंसी को सख्त निर्देश दिया कि पीरटांड़ मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना के क्रियान्वयन में उपयोग होने वाली सभी सामग्रियों की गुणवत्ता में कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। सभी जरूरी मानकों को ध्यान में रखते हुए इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के निर्देश दिए गए। वहीं आगे उन्होंने कहा कि सिंचाई योजना का धरातल पर उतरने से पीरटांड़ के सभी 17 पंचायत तथा 191 गांव के किसान लाभान्वित होंगे।

### भरनो के डहुटोली गांव में जंगली हाथी का कहर, दो मकानों को किया क्षतिग्रस्त

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के अमलीया पंचायत अंतर्गत डहुटोली गांव में बीती रात जंगली हाथी ने भारी उत्पात मचाया। हाथी ने दो ग्रामीणों–बन्दे उरांव और खुईरा उरांव–के पक्के मकानों को तोड़कर गंभीर क्षति पहुंचाई, वहीं खुईरा उरांव की एक बकरी की दीवार के नीचे दबकर मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में भय और दहशत का माहौल है। हाथी ने न सिर्फ मकानों को नुकसान पहुंचाया, बल्कि घर के भीतर रखे सामानों को भी बर्बाद कर दिया। साथ ही गांव के खेतों में खड़ी फसल को भी रौंद डाला, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही वनरक्षी अकील अहमद और पूर्व वन समिति अध्यक्ष जगजीवन सिंह गुरुवार शाम डहुटोली गांव पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया और मुआवजा के लिए आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही हाथी से बचाव के लिए ग्रामीणों के बीच टॉर्च और पटाखों का वितरण भी किया गया।

### मारवाड़ी युवा मंच के कौशल मंत्री ने किया 35वां रक्तदान



**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच गुमला के सक्रिय सदस्य एवं मंच के युवा कौशल मंत्री ने अपने जीवन का 35वां रक्तदान कर एक अनुकरणीय मिसाल पेश की। उन्होंने बताया कि वे हर तीन महीने में नियमित रूप से रक्तदान करते हैं और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करते हैं।

### भरनो अंचल में 1932 खतियान आधारित नए खातों की सूची प्रकाशित

**भरनो (गुमला)।** भरनो अंचल कार्यालय में गुरवार को अंचल अधिकारी अविनाश कुजूर ने जानकारी दी कि हल्का संख्या 2 और 4 के अंतर्गत आने वाले 1932 के खतियान आधारित पुराने खातों के एवज में नए खातों की सूची का प्रकाशन कर कार्यालय परिसर की दीवारों पर चिपकाया गया है। सीओ ने सभी रैयतों से अपील की है कि वे अपने पुराने और नए खाता नंबरों का सावधानीपूर्वक मिलान कर लें, ताकि भविष्य में भूमि रजिस्ट्री या दाखिल-खारिज की प्रक्रिया में किसी तरह की परेशानी से बचा जा सके। अगर किसी भी रैयत को सूची में कोई त्रुटि या असंगति नजर आती है, तो वे सीधे अंचल कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं, जहां उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा।

### उपायुक्त ने जिला स्तरीय जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित की बैठक

# जन्म-मृत्यु का ससमय निबंधन करना सुनिश्चित करेंगे अधिकारी




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह:** गिरिडीह समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जन्म और मृत्यु अधिनियम 1969, जन्म और मृत्यु का पंजीकरण (संशोधित) अधिनियम 2023, झारखण्ड जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियमावली, 2009 तथा झारखण्ड जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2024 के तहत किया जाता है। जिला में घटित सभी जन्म एवं मृत्यु की घटनाओं का निबंधन करना अनिवार्य है। प्रत्येक जन्म एवं मृत्यु की घटनाओं का ससमय अर्थात21 दिनों के अन्दर निबंधन किया जाना है। घटना की तिथि से 21 दिनों के भीतर सूचना देने पर जन्म एवं मृत्यु का निबंधन निबंधक (जन्म-मृत्यु) द्वारा निःशुल्क किया जाता है। 21 दिनों से 30 दिनों तक की जन्म या मृत्यु की घटना की सूचना निबंधक को उपलब्ध कराने पर निबंधक द्वारा एक रूपया विलंब शुल्क लेकर निबंधन किया जाता है। 30 दिन के उपर एवं एक वर्ष तक घटनाओं का निबंधन जिला सांख्यिकी पदाधिकारी के लिखित आदेश पर निबंधक द्वारा एक रूपया विलंब शुल्क लेकर निबंधक द्वारा किया जाता है। उपायुक्त सह जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु), गिरिडीह द्वारा बताया गया कि जन्म मृत्यु की घटना का निबंधन एक राष्ट्रीय महत्व का विषय है एवं इनका ससमय निबंधन अनिवार्य है। निबंधन संबंधी आंकडों का उपयोग सरकार द्वारा नीति निर्माण में किया जाता है।

### मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत वितरित पशुओं की हुई स्थल जांच

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के लौंगा, पाबेया, टिकराटोली सहित विभिन्न गांवों में पशुपालन विभाग रांची के क्षेत्रीय निदेशक द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अंतर्गत वितरित पशुओं की स्थल जांच गुरुवार को की गई। जांच के दौरान सभी लाभुकों द्वारा पशुओं की उचित देखरेख और संतोषजनक रख-रखाव पाया गया। गौरतलब है कि वर्ष 2024-25 में भरनो प्रखंड के चयनित लाभुकों के बीच गाय, बैल और सूअर का वितरण किया गया था। स्थल निरीक्षण के क्रम में सबीना खातून की दो गाय, सुखमणि उरांव की दो गाय, सुरेश उरांव के दो बैल, अतुल बड़ा, अनिल उरांव एवं संगीता उराईन के सूअरों की स्थिति को देखकर पदाधिकारी संतुष्ट दिखे। निरीक्षण दल ने लाभुकों को पशुओं की नियमित देखभाल जारी रखने और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. अमरेश नारायण सिन्हा समेत सभी लाभुक उपस्थित थे.


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,एन0 आर0 ई0 पी0–II, राँची**

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02/2024-25 Re-tender (2nd Call)

P.R No. 334434 (NREP) 24-25(D)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता,एन0 आर0 ई0 पी0–ा, राँची।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 22.04.2025 अपराह्न 01:00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान :–दिनांक 24.04.2025 के अपराह्न 03:00 बजे तक। जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं :–दिनांक 24.04.2025, 03:30 बजे अपराह्न में, सीान जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
5. परिमाण विपत्र की ब्रिकी का स्थान :–(1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन0 आर0 ई0 पी0–II, राँची। (2) जिला योजना पदाधिकारी का कार्यालय, राँची।
6. निविदा का मद :–डी0 एम0 एफ0 टी0 मद।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| योजना क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रू में) | अग्रधन की राशि (रू में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बुढमू प्रखंड अंतर्गत पंचायत मुरूपिरी के ग्राम मुरूपिरी में रंगलाल महतो के घर से बडा कुँआ तक 500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 20,29,700=00 | 40,600=00 | 5000=00 | 3 Month |

नोटः– उक्त कार्य का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करना आवश्यक है।

कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0–II, राँची

PR 350619 (NREP)25-26*D



**झारखण्ड सरकार**

**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची**

(Email ID – eedwsd.ranchiwest@gmail.com)

**अति अल्पकालीन निविदा स0 –01/2025–26**

1. विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की अन्तिम तिथि : 21-04-2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय : 28-04-2025 अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि : 29-04-2025 अपराह्न 4.00 बजे तक।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल राँची। 2) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमंडल राँची पश्चिम, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
7. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम राँची।
8. कार्य का विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | वित्तीय वर्ष 2025–26 में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची के अन्तर्गत नामकुम एवं काँके प्रखण्ड के नलकूपों का साधारण मरम्मति हेतु वाहय् स्त्रोत से नलकूप मिस्त्री, अकुशल मजदूर की आपूर्ति एवं वाहन, डीजल, ड्राईवर आदि सहित नलकूप मरम्मति का कार्य (मरम्मति से सम्बन्धित Spare Parts विभाग के द्वारा निर्गत किया जायेगा)। | 1102 | 1181344.00 | 24000.00 | 2500.00 | 06 माह |
| 2. | वित्तीय वर्ष 2025–26 में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची के अन्तर्गत बेड़ो, ईटकी, नगड़ी, रातु एवं लापुंग प्रखण्ड के नलकूपों का साधारण मरम्मति हेतु वाहय् स्त्रोत से नलकूप मिस्त्री, अकुषल मजदूर की आपूर्ति एवं वाहन, डीजल, ड्राईवर आदि सहित नलकूप मरम्मति का कार्य (मरम्मति से सम्बन्धित Spare Parts विभाग के द्वारा निर्गत किया जायेगा)। | 1483 | 1589776.00 | 32000.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 3. | वित्तीय वर्ष 2025–26 में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची के अन्तर्गत माण्डर, खेलारी, बुढमू एवं चान्हों प्रखण्ड के नलकूपों का साधारण मरम्मति हेतु वाहय् स्त्रोत से नलकूप मिस्त्री, अकुशल मजदूर की आपूर्ति एवं वाहन, डीजल, ड्राईवर आदि सहित नलकूप मरम्मति का कार्य (मरम्मति से सम्बन्धित Spare Parts विभाग के द्वारा निर्गत किया जायेगा)। | 1148 | 1230656.00 | 25000.00 | 2500.00 | 06 माह |

नोटः निविदा की शर्तें एवं परिमाण विपत्र http://dwsd.jharkhand.gov.in/ से download किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

PR 350575 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D


### धनबाद में भिड़ गए कांग्रेस नेताओं के दो गुट

# रणधीर वर्मा चौक पर खूब मचा बवाल पत्रकारों पर किया गया हमला

*वहीं घटना को लेकर धनबाद प्रेस क्लब में भारी आक्रोश है. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची*



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** कांग्रेस जिला कार्यकारी अध्यक्ष रसीद रजा और पार्टी के एक अन्य गुट के बीच आपस में जमकर मारपीट हुई. रणधीर वर्मा चौक पर घंटों बवाल और हंगामा कांग्रेस के दो गुटों के बीच चलता रहा. बता दें कि जिले के रणधीर वर्मा चौक को कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने रणक्षेत्र बना डाला. जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रसीद रजा के पुत्र और भाई पर दूसरे पक्ष के कांग्रेस कार्यकर्ता पर लोहे के रॉड और पाइप से हमला करने का आरोप है. कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं का यह बवाल गांधी सेवा सदन तक पहुंच गया. कवरेज करने के दौरान पत्रकारों पर भी हमला किया गया. पत्रकारों को लोहे के रॉड से हमला किया गया. कैमरा को तोड़ दिया गया. एक मीडिया कर्मी घायल हो गया. कांग्रेस नेताओं का यह बवाल काफी देर तक चलता रहा. रणधीर वर्मा चौक रणक्षेत्र बना रहा. कांग्रेस नेताओं के इस रूप को देख लोग भयभीत नजर आए. कांग्रेस नेताओं के आपस में मारपीट और पत्रकारों पर हमला को देख रणधीर वर्मा चौक में तैनात दो ट्रैफिक पुलिस वालों ने मामले को शांत कराने का प्रयास किया. लेकिन हंगामा बवाल जारी रहा. वहीं घटना को लेकर धनबाद प्रेस क्लब में भारी आक्रोश है. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची. मामले को किसी तरह शांत कराया. वहीं पुलिस ने उपद्रव करने वाले पर कार्रवाई का आश्वासन एसोसिएशन को दिया है. कांग्रेस नेता नवनीत नीरज कुमार ने इस मारपीट और हंगामा को लेकर खेद प्रकट किया है. पत्रकार पर हमला करने को लेकर दुख जताते हुए माफी मांगी.

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा प्रखंड मुख्यालय का नवनिर्मित पुलिया

# प्रथम माह में ही पुल में हुआ दरार



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** पुरे प्रखंड में विकास कार्यों को संचालित करने वाला प्रखंड सह अंचल कार्यालय ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष प्रमुख निधि द्वारा 15 वीं वित्त आयोग मद से बन रहे पीसीसी और पुलिया निर्माण में भारी अनियमितता उजागर हुई है। हाल ही में हुए पुलिया निर्माण में अभी से ही दरारें पड़ने लगी है। पुलिया सहित उसके दोनों ओर के एसटी में दरार पड़ गई है जिसके कारण बनाए गए पीसीसी पर मिट्टी डालकर रास्ते को तत्काल बंद कर दिया गया है। बताते चलें कि प्रमुख निधि द्वारा 15 वीं वित्त आयोग मद से की लागत से पीड़बल्यूडी मुख्य सड़क से प्रखंड सह अंचल कार्यालय तक पीसीसी निर्माण, पुलिया निर्माण व नाली निर्माण का कार्य करवाया जा रहा है। पुलिया और पीसीसी का निर्माण किया जा चुका है जबकि नाली निर्माण के लिए गड्ढा खोदा गया है। इसी बीच बनाए गए पुलिया में अभी से ही दरारें पड़ने लगी है। तकरीबन 5 लाख की लागत वाली इस योजना का बीते 9 मार्च को नेता प्रतिपक्ष सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी ने विधिवत फीता काटकर शिलान्यास किया था। लेकिन तकरीबन एक महीने में ही कार्य की गुणवत्ता की पोल खुल गई।

